Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 07 | बुधवार, 07 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### दिल्ली में 2026 का पहला शीत दिवस दर्ज

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड कहर पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, और मध्य प्रदेश जैसे मैदानी राज्यों में घना कोहरा छाया हुआ है, जबकि कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तरी भारत के कई हिस्सों में तापमान गिर गया, जहां साल का पहला ठंडा दिन दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शीत दिवस की स्थिति तब घोषित की जाती है जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से 6.4 डिग्री सेल्सियस कम रहता है। दिल्ली में आज साल के सबसे ठंडे दिनों में से एक दर्ज किया गया है। यहां अधिकतम तापमान 16त्उ से 18त्उ के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 7त्उ के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेशः यूपी के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।



इटावा प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा जहाँ न्यूनतम तापमान 2.6त्उ दर्ज किया गया। वाराणसी और नोएडा जैसे शहरों में कोहरे और ठंड के कारण कक्षा 8 तक के स्कूल 10 जनवरी 2026 तक बंद कर दिए गए हैं।मध्य प्रदेशः राज्य के कई जिलों में शीतलहर का असर है। ग्वालियर-चंबल संभाग सहित 16 जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है या समय बदला गया है। रात का तापमान कई हिस्सों में 5त्उ से 7त्उ तक गिर गया है।गुलमर्ग और पहलगाम जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी हो रही है। घाटी में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। हिमाचल और उत्तराखंडः शिमला, मनाली और बद्रीनाथ जैसे क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी का अनुमान है। उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 'ग्राउंड फ्रॉस्ट' (पाला) की चेतावनी दी गई है, जो फसलों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कोहरे का असर, 6 उड़ानें रद

राष्ट्रीय राजधानी में कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे ने हवाई यातायात की रफ्तार पर लगाम लगा दी है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आइजीआइ) पर आज सुबह दृश्यता का स्तर बेहद कम दर्ज किया गया, जिससे विमानों के संचालन में भारी बाधा आई। आंकड़ों के मुताबिक, मौसम की मार के कारण मंगलवार को कुल 6 उड़ानें रद की गई और 150 से अधिक विमान अपने निर्धारित समय से देरी से संचालित हुई।

## 2026 के पहले छमाही में संभव है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता


**नई दिल्ली।**

प्रसिद्ध भू-राजनीतिक विशेषज्ञ और यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौता इस साल के पहले छह महीनों में हो जाएगा। एनडीटीवी के अनुसार ब्रेमर ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ का मुद्दा 2025 में बड़ी खबर था, लेकिन 2026 में इसकी अहमियत कम हो जाएगी और यह भारत के लिए शीर्ष जोखिमों में भी शामिल नहीं होगा। ब्रेमर ने व्यापार समझौते की समयसीमा पर स्पष्ट रूप से कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इस साल के पहले छह महीनों में हो



जाएगा।₹ उन्होंने यह भी जोड़ा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन महंगाई को नियंत्रित करने के लिए टैरिफ को जल्दी सुलझाने में रुचि रखती है, क्योंकि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

## नोएडा-गाजियाबाद में 10 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल




**गाजियाबाद।**

अत्यंत ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद जिले के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। अब आठवीं तक के सभी स्कूलों में 10 जनवरी तक अवकाश रहेगा। इस संबंध में गाजियाबाद जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 10 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया। बच्चों के स्वास्थ्य और स्कूल आने जाने में असुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया है। जिले के स्कूलों में पांच जनवरी तक छुट्टी की गई थी। छह जनवरी को भीषण सर्दी देखते हुए छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। बीएसए ओपी यादव का कहना है कि अभी ठंड काफी ज्यादा पड़ रही है। बच्चों के स्वास्थ्य और समस्या को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर 10 जनवरी तक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया है। सभी बोर्ड के स्कूल 10 जनवरी तक बंद रहेंगे।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बने मुसीबत, महीनों से नहीं मिल रहा बिल



**रायबरेली।** बिजली विभाग द्वारा पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं। मीटर बदलने का काम कार्यदायी संस्था द्वारा किया जा रहा है, लेकिन कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने के समय विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इससे गलत बिल समेत बिल संबंधी सभी समस्याओं से निजात मिल जाएगी, लेकिन स्मार्ट मीटर ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। समय पर बिल नहीं मिल रहे हैं। हालात ये है कि किसी को तीन तो किसी को पांच माह से बिल का इंतजार करना पड़ रहा है। शहर के सोनिया नगर निवासी सत्य प्रकाश के यहां अगस्त में पुराना मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया गया। उपभोक्ता का कहना है कि सितंबर में जब उनका बिजली बिल नहीं आया तो उन्होंने विभाग में शिकायत की।

तब से लेकर अभी तक वह कई बार अधिकारियों से मामले की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें बिल नहीं मिल सका है।

### गोरखपुर में अलाव ताप रहे लोगों को स्कॉर्पियो ने कुचला, तीन की मौत

**गोरखपुर।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सोमवार की रात रामपुर गांव में अलाव ताप रहे छह लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में आटो चालक की मौके पर मौत हो गई। 15 वर्षीय किशोर ने बीआरडी में दम तोड़ दिया। चार घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक गुमटी से जा टकराई, जिसमें वाहन चला रहे सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी के बेटे की भी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद हंगामा कर रहे लोगों को एम्स थाना पुलिस ने समझाकर शांत कराया।

## दिल्ली में आधी रात गरजा बुलडोजर

**नई दिल्ली।**

राजधानी के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण वाले इलाके में बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई की गई। दिल्ली नगर निगम (टउऊ) ने बुधवार तड़के दिल्ली के रामलीला मैदान के पास, तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण वाले इलाके में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इलाके में अवैध ढांचों को हटाने के लिए लगभग 17 बुलडोजर मंगवाए गए थे। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के बाद एमसीडी ने



अतिक्रमण के खिलाफ ये कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस टीम तैनात रही। इस पूरे एरिया को नौ जोन में बांटा गया, जिनमें से प्रत्येक को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रैंक के एक अधिकारी की देखरेख में रखा गया था। सभी संवेदनशील प्वाइंट्स पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार, अतिक्रमण हटाने के अभियान से पहले, शांति बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से अमन कमेटी के सदस्यों और अन्य स्थानीय लोगों के साथ कई समन्वय बैठकें की गईं। हालांकि, कुछ शरारती तत्वों₹ ने पत्थरबाजी करके अशांति फैलाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया।

### आबादी वाले क्षेत्रों में होंगी एयर डिफेंस गन


## ड्रोन हमलों के लिए बन रहा सीयूएएस ग्रिड

**नई दिल्ली।**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिले अनुभवों से सबक लेते हुए भारतीय रक्षा बल हवाई खतरों, विशेषकर दुश्मन ड्रोन हमलों, से निपटने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नएसिरे से मजबूत कर रहे हैं।

एक ओर सेना आबादी वाले क्षेत्रों में हवाई रक्षा तोपों की तैनाती पर काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार 'मिशन सुदर्शन चक्र' के तहत देशभर में एक व्यापक हवाई सुरक्षा कवचविकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

इसी क्रम में तीनों सेनाएं मिलकर एक संयुक्त काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सीयूएएस) ग्रिड तैयार कर रही हैं, जिससे दुश्मन या संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। सूत्रों के अनुसार, यह संयुक्त सीयूएएस ग्रिड तीनों सेनाओं- थल सेना, नौसेना और वायुसेना- द्वारा पिछले पांच से 10 वर्षों में हासिल किए गए विभिन्न काउंटर-ड्रोन सिस्टम को नेटवर्क के जरिए जोड़ेगी। यह ग्रिड भारतीय वायुसेना की इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आइएसीसीएस) जैसी मौजूदा हवाई रक्षा प्रणालियों से अलग और स्वतंत्र होगी। इस ग्रिड को ज्वाइंट एयर डिफेंस सेंटर्स (जेएडीसी) के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिसमें तीनों सेवाओं की भागीदारी होगी। इसका उद्देश्य छोटे ड्रोन और मानवरहित हवाई प्रणालियों की निगरानी करना और दुश्मन या आतंकी संगठनों द्वारा किए जा रहे ड्रोन हमलों को समय रहते निष्क्रिय करना है। रक्षा सूत्रों का कहना है कि यदि छोटे ड्रोन की निगरानी का जिम्मा मौजूदा हवाई रक्षा नेटवर्क पर डाला जाता, तो वे अत्यधिक दबाव में आ जाते। इसी कारण सीयूएएस के लिए अलग समर्पित ग्रिड विकसित की जा रही है।




ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान सेना ने तुर्की और चीन में बने ड्रोन के जरिए भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन तीनों सेनाओं, विशेषकर सेना की एयर डिफेंस इकाइयों, ने इन प्रयासों को विफल कर दिया। इस दौरान भारतीय सेना की एल–70 और जेडयू–23 हवाई रक्षा तोपों ने छोटे ड्रोन को भारी नुकसान पहुंचाया। उच्च स्तर पर 'मिशन सुदर्शन चक्र' के तहत हवाई हमलों से बचाव के लिए एक राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए एक समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है।

## अमेरिकी ऑपरेशन में वेनेजुएला के 24 सुरक्षा अधिकारी मारे गए, सेना ने इसे युद्ध अपराध करार दिया

**वाशिंगटन।**

वेनेजुएला की सेना ने घोषणा की है कि शनिवार को हुए अमेरिकी सैन्य आपरेशन में वेनेजुएला के कम से कम 24 सुरक्षा अधिकारी मारे गए। इससे आधिकारिक मौत का आंकड़ा 56 हो गया है। पता चला है कि हमलों में और भी नागरिक मारे गए हैं, लेकिन उनकी संख्या स्पष्ट नहीं हो पाई। वेनेजुएला के अटार्नी जनरल तारेक विलियम साब ने मंगलवार को कहा कि दर्जनों अधिकारी एवं नागरिक मारे गए हैं और अभियोजक इन मौतों की जांच करेंगे, जिसे उन्होंने "युद्ध अपराध" करार दिया। उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यह अनुमान विशेष रूप से वेनेजुएला के लोगों के बारे में है या नहीं। यह संख्या क्यूबा सरकार की रविवार की उस घोषणा के अतिरिक्त है, जिसमें कहा गया था कि वेनेजुएला में कार्यरत क्यूबा के 32 सैन्य और पुलिस अधिकारी इस आपरेशन में मारे गए।



## इंदौर में दूषित पानी से महामारी जैसा संकट, 3200 से अधिक मरीज प्रभावित

**इंदौर।**

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण उल्टी-दस्त की महामारी जैसी स्थिति बन गई है। यह राज्य में पहली बार है जब किसी सीमित क्षेत्र में इतनी कम अवधि में इतनी बड़ी संख्या में लोग एक ही बीमारी से प्रभावित हुए हैं।

अब तक 3200 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई परिवारों में सभी सदस्य बीमार पड़ गए हैं, जिससे पूरा इलाका स्वास्थ्य संकट की चपेट में है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, पेयजल पाइपलाइन में लीकेज के कारण सीवेज का गंदा पानी मिल गया, जिससे फीकल कोलिफॉर्म बैक्टीरिया जैसे खतरनाक तत्व पानी में पहुंचे। इससे डायरिया और उल्टी का प्रकोप तेजी से फैला। हालांकि मौतों के आंकड़ों में विवाद है–सरकारी तौर पर 6-7 मौतों की पुष्टि की गई है, जबकि स्थानीय लोग और कुछ रिपोर्ट्स 15-17 मौतों का दावा कर रही हैं। इनमें एक 6 महीने का मासूम भी शामिल है, जिसकी मौत ने पूरे क्षेत्र में कोहराम मचा दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भागीरथपुरा क्षेत्र में देश की प्रमुख स्वास्थ्य और अनुसंधान संस्थाओं की टीमें जांच और निगरानी कर रही है। कोलकाता स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैक्टीरियोलाजी, स्टेट इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (एसआईडीएसपी) और एम्स दिल्ली की विशेषज्ञों की टीमें करीब चार दिनों से क्षेत्र में पहुंचकर पानी के नमूनों, मरीजों की रिपोर्ट और अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं। इन टीमों का उद्देश्य बीमारी के सटीक कारणों की पहचान, स्थिति नियंत्रण, भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसपर कार्य करना है।

15 दिन तक क्षेत्र में रहेगी टीम स्टेट सर्विलांस की टीम क्षेत्र में 15 दिनरहेगी। टीम यह सुनिश्चित करेगी की लोगों को अब शुद्ध पानी मिलने लगा है।



## संपादक की कलम से

# भारत को घुडकी न दें

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अब भारत को भी घुडकाना शुरू कर दिया है। बेशक वह भारत में वेनेजुएला प्रयोग को दोहराने का दुस्साहस नहीं कर सकते, क्योंकि वह भारत की चौतरफा ताकत को अच्छी तरह जानते हैं। भारत की ईमानदारी और प्रतिबद्धताओं को भी समझते हैं। भारत एक प्रमाणित परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है, अमरीका से अधिक यह कौन जानता है, क्योंकि अमरीका ने भारत के साथ असैन्य परमाणु करार कर रखा है। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप का नया बयान आया है–



ललित शर्मा
संपादक

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इनसान हैं। वे जानते हैं कि मैं इससे (रूस से तेल खरीद) खुश नहीं हूं और मुझे खुश रखना जरूरी है। यदि रूस से तेल खरीद जारी रही, तो भारत पर बहुत जल्दी और टैरिफ लग सकते हैं। वह भारत के लिए ठीक नहीं होगा। गौरतलब यह है कि भारत अप्रैल, 2025 में रूस से 8.6 मिलियन टन कच्चा तेल खरीदता था, जो नवंबर तक घट कर 7.7 मिलियन टन हो गया। भारत अमरीका से भी करीब 3 मिलियन टन तेल खरीदता है। अमरीका की तुलना में रूस से तेल खरीद आज भी अधिक है। भारत ने किसी दबाव में तेल खरीद को कम नहीं किया, यह उसकी जरूरतों के मुताबिक है। तेल भंडारों और क्षमताओं को लेकर अमरीका का स्थान बहुत नीचे है। वेनेजुएला में सबसे अधिक प्रमाणित 303 अरब बैरल तेल के भंडार हैं और वह आज भी सबसे बड़ा सप्लायर है। उसके बाद सऊदी अरब और ईरान सबसे अधिक तेल बेचते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की पूरी रणनीति तेल कारोबार पर वर्चस्व स्थापित करने की है, जिसका विरोध अमरीका में ही किया जा रहा है। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने वेनेजुएला हमले और वहां के राष्ट्रपति को अगवा करके अमरीका लाने के ऑपरेशन को लेकर ट्रंप के खिलाफ आक्रामक बयान दिए हैं। उन्हें राजनीतिक भी माना जा सकता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने पर भी चर्चा छिड़ चुकी है। डेमोक्रेट्स और ट्रंप की पार्टी के सांसद अपने ही राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग लाकर उन्हें पद से हटाने की राजनीति में जुट गए हैं। जहां तक टैरिफ का मामला है, वह अमरीकी अदालत के विचाराधीन है, लिहाजा ट्रंप नए टैरिफ नहीं थोप सकते। अलबत्ता अमरीकी राष्ट्रपति कमोबेश भारत को घुड़कियां देने से बाज जरूर आएं। यदि उन्होंने घोषित 50 फीसदी से अधिक टैरिफ थोपने का कोई फैसला लिया, तो अमरीकी कांग्रेस (संसद) उसे खारिज कर सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप बड़बोले नेता हैं, लिहाजा उनकी टिप्पणियों पर हर बार पलटटिप्पणी भारत करे, ऐसा संभव नहीं है और न ही भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को ट्रंप के बयानों की चिंता करनी चाहिए। भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोपने के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से अधिक रही है। सभी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और प्रमुख रेटिंग एजेंसियों के आकलन हैं कि वित्त वर्ष 2025–26 में भारत की विकास दर 7 फीसदी से अधिक रहेगी। टैरिफ के बावजूद भारत की जीडीपी 375 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है और भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढे वाली अर्थव्यवस्था है। यह तथ्य अमरीका भी मानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था अमरीकी अर्थव्यवस्था से कई गुना तेज गति से बढ़ रही है। बेशक अमरीका 30 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था है। अमरीका वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को अगवा करके अपने अदालती कटघरे तक ला सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप कोलंबिया, क्यूबा, ग्रेनेडा, ग्रीनलैंड, मैक्सिको आदि छोटे और आर्थिक रूप से विपन्न देशों को धमकियां दे सकते हैं कि उनके राष्ट्राध्यक्षों का अंजाम मादुरो से भी बदतर होगा। भारत इस संदर्भ में अपवाद है। ट्रंप कमजोर देशों पर नार्को आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप लगाकर अमरीकी अदालत में केस चला सकते हैं, लेकिन भारत ऑटोमोबाइल, मोबाइल, चावल, चीनी, आईटी, दूध, गेहूं आदि के सर्वोच्च देशों में एक है। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लिहाजा राष्ट्रपति को ऐसे देश को घुडकाने से पहले कई बार सोचना चाहिए।

## कविता

### बच्ची की मनुहार

उदय किशोर साह



अपनी गर्भ में जब तुमने मुझे बुलाया
मुझे भी जन्म दे माँ देना मेरी ही काया
मत करना तुँ अपनी मन की मनमानी
जग में मुझे भी आने दे ओ मेरी माता रानी

जैसे तेरी माता ने तुम्हें जन्म दे जग में लाया
अपनी तन बदन कंचम सा सूरत है पाया
!मेरी भी हक अधिकार तुमको है दिलवानी
जग में मुझे भी आने दे ओ मेरी माता रानी

तेरी तरह मैं भी बनुगीं किसी की घरवाली
मेरी भी मनेगी उस घर में नित्य ही दिवाली
मैं भी बनूँगी किसी की बहना और अधार्गनी
जग में मुझे भी आनो दे ओ मेरी माता रानी

बिटिया बिन आँगन लगता जग में सूना सूना
नारी लक्ष्मी सरस्वती है जगवाले है इसे माना
देवी कहलाती हूँ मैं नारी काली दुर्गा भवानी
जग में मुझे भी आने दे ओ मेरी माता रानी

मेरी पाँव की जब छनकेगी रूनझून पायलिया
माथे पे सजेगी लाल लाल सिन्दुरी विन्दिया
साजन की आँखों से उड़ जायेगी निदिंया कहानी
जग में मुझे भी आने दे ओ मेरी माता रानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विश्व पटल पर बालिकाओं का नवयुग : बदली सोच, उभरी शक्ति

एक समय था जब दुनिया के बड़े हिस्से में बेटी का जन्म बोझ समझा जाता था। गर्भ में ही उसके जीवन का अंत कर दिया जाता, या जन्म के बाद भेदभाव, उपेक्षा और वंचना उसका भाग्य बनती। सदियों तक चली इस दकियानूसी एवं पुरानपंथी सोच ने समाज, सभ्यता और प्रकृति-तीनों को गहरे घाव दिए। किंतु आज उसी दुनिया में सोच के स्तर पर एक निर्णायक मोड़ दिखाई दे रहा है, एक नयी सोच का उदय हो रहा है। गैलप इंटरनेशनल जैसे वैश्विक सर्वे यह संकेत देते हैं कि 44 देशों में माता-पिता की बड़ी संख्या अब संतान के लिंग को लेकर उदासीन हो रही है, उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि बच्चा लड़का है या लड़की। यह बदलाव केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि मानव चेतना में घटित एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। बालिकाओं को लेकर बदल रही यह सोच मानवीयता का दर्शन करा रही है। यह सच है कि तस्वीर का एक पक्ष उजला है तो दूसरा अब भी चिंताजनक। पिछले 25 वर्षों में दुनिया ने लगभग 70 लाख बच्चियों को बचाया है, यह मानवीय प्रगति का बड़ा प्रमाण है। परंतु यह भी उतना ही कड़वा सत्य है कि आज भी हर साल दस लाख से अधिक बच्चियां गर्भ में ही खत्म कर दी जाती हैं और बीते 45 वर्षों में यह संख्या पाँच करोड़ से अधिक रही है। यानी लड़का-लड़की के भेद का राक्षस अभी पूरी तरह पराजित नहीं हुआ है। इसके बावजूद, उम्मीद की किरण इसलिए प्रबल है क्योंकि अब यह भेद सामाजिक स्वीकृति खो रहा है, और यही किसी भी क्रांति की सबसे ठोस बुनियाद होती है।



भारत में यह संघर्ष और भी जटिल रहा है। कम शिक्षा, रूढ़िवादी पितृसत्तात्मक सोच, अंधविश्वास और सामाजिक भ्रांतियों ने लंबे समय तक बालिकाओं के अस्तित्व पर संकट बनाए रखा। लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, भारत में बेटों की चाहत 1999 के 33 प्रतिशत से घटकर अब 15 प्रतिशत रह गई है। यह गिरावट केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि मानसिकता में आए बदलाव का संकेत है। फिर भी, 15 प्रतिशत भी कम नहीं क्योंकि इसका सीधा असर लिंगानुपात पर पड़ता है। आज देश में लिंगानुपात 1000 लड़कों पर 943 लड़कियों का है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार जन्म के समय लड़के-लड़कियों का प्राकृतिक अनुपात लगभग 105: 100 होता है, जो पाँच वर्ष की आयु तक बराबर हो जाना चाहिए। यदि पाँच साल के बाद भी 1000 लड़कों पर 57 लड़कियाँ कम हैं, तो स्पष्ट है कि प्रकृति नहीं, समाज हस्तक्षेप कर रहा है। 57 बड़ा अंतर है। सुधार की जो गति चल रही है, उस हिसाब से इस अंतर को पाटने में पच्चीस साल से ज्यादा लग जाएंगे। ये बच्चियां दुनिया में कदम रखें और अच्छी तरह से खुशगवार जिंदगी जिएं, इसके लिए उन्हें बचाने के उपाय, उनकी व्यापकता और गति सब बढ़ाने होंगे। सृष्टि के संतुलन के लिए भी यह जरूरी है। समाज की विडम्बनापूर्ण सोच ही वह ह्लबाहरी शक्तिह्न है-भेदभाव, उपेक्षा, असमान पोषण, स्वास्थ्य और अवसर जो संतुलन को बिगाड़ रही है। मौजूदा सुधार की गति से इस अंतर को पाटने में पच्चीस वर्ष से अधिक लग सकते हैं। इसलिए उपायों की व्यापकता और गति दोनों को बढ़ाना अनिवार्य है। इस बदलाव के पीछे शिक्षा सबसे बड़ा कारक बनकर उभरी है। जब-जब लड़कियों को शिक्षा के समान अवसर मिले, उन्होंने न केवल अपनी क्षमताएँ सिद्ध कीं, बल्कि समाज की दिशा भी बदली। भारत सहित कई देशों में बालिका शिक्षा, छात्रवृत्ति, डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं ने लड़कियों के जीवन-पथ को नया आयाम दिया है। आज ग्रामीण क्षेत्रों तक स्कूल नामांकन में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ी है, उच्च शिक्षा में उनकी उपस्थिति मजबूत हुई है और विज्ञान, तकनीक, खेल, प्रशासन तथा उद्यमिता-हर क्षेत्र में वे अपनी पहचान बना रही हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि अब नीतियाँ केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सशक्तिकरण की ओर बढ़ी हैं। शिक्षा के साथ-साथ पोषण, मातृत्व स्वास्थ्य, सुरक्षित परिवहन, डिजिटल पहुँच और नेतृत्व प्रशिक्षण, इन सभी ने मिलकर बालिकाओं के आत्मविश्वास को पंख दिए हैं। यह समग्र दृष्टि ही भविष्य की महिलाओं को ह्लसहायता पाने वालीह्न नहीं, बल्कि ह्लनिर्णय लेने वालीह्न बनाती है। दुनिया के कई देशों में महिलाएँ अब राजनीति, प्रशासन और कॉरपोरेट नेतृत्व में अग्रिम पंक्ति में हैं। वे राष्ट्राध्यक्ष हैं, सेनाओं का नेतृत्व कर रही हैं, वैज्ञानिक खोजों की अगुआई कर रही हैं और वैश्विक संस्थानों में नीति-निर्धारण का हिस्सा हैं। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिलने पर प्रतिभा लिंग नहीं देखती। गैलप इंटरनेशनल के सर्वे में उभरी उदासीनता कि संतान का लिंग मायने नहीं रखता, दरअसल इसी विश्वास का सामाजिक विस्तार है कि लड़कियाँ भी उतनी ही सक्षम हैं। पहली बार दुनिया के स्तर पर बालिकाओं को लेकर एक सकारात्मक परिदृश्य उभरा है, इन बालिकाओं को लेकर बदली सोच एवं उभरी शक्ति के परिदृश्यों के बीच यह समय बालिकाओं-महिलाओं पर हो रहे अपराध, शोषण, बलात्कार, भेदभाव के त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है।



ललित गर्ग

माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है। कानून और योजनाएँ आवश्यक हैं, पर पर्याप्त नहीं। असली परिवर्तन संस्कृति में होता है-घर के भीतर, भाषा में, परंपराओं में। जब परिवार बेटी के जन्म को उत्सव मानता है, उसकी शिक्षा में निवेश करता है, उसे निर्णयों में भागीदार बनाता है-तभी लिंगानुपात के आँकड़े स्थायी रूप से सुधरते हैं। मीडिया, साहित्य और सिनेमा की भूमिका भी यहाँ निर्णायक है; वे या तो रूढ़ियों को पोषित करते हैं या नई दृष्टि गढ़ते हैं। आज सकारात्मक प्रस्तुतियाँ बढ़ रही हैं, जो लड़कियों को आत्मनिर्भर, साहसी और नेतृत्वकारी रूप में दिखाती हैं यह सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत का लक्ष्य भी बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है। भविष्य की दिशा स्पष्ट है-समानता केवल अधिकारों की सूची नहीं, बल्कि अवसरों की वास्तविक उपलब्धता है। बालिकाओं को बचाना पहला कदम था; अब उन्हें बढ़ने, उड़ने और नेतृत्व करने देना अगला चरण है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार, संपत्ति अधिकार, डिजिटल अवसर और निर्णय-निर्माण में हिस्सेदारी-ये सभी समानता के स्तंभ हैं। यदि इन पर निरंतर और समन्वित कार्य हुआ, तो आने वाले वर्षों में लिंगानुपात केवल सुधरेगा ही नहीं, बल्कि समाज अधिक संतुलित, संवेदनशील और उत्पादक बनेगा। एक समय था जब बालिका को कोख में ही समाप्त कर दिया जाता था; आज वही दुनिया उसके जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त कर रही है। यह बदलाव अधूरा है, पर निर्णायक है।

भारत में बेटों की चाहत का घटता ग्राफ, दुनिया भर में लिंग-उदासीनता की बढ़ती प्रवृत्ति और महिलाओं के लिए विस्तृत होती शिक्षा-सशक्तिकरण योजनाएँ-सब मिलकर संकेत देते हैं कि आने वाला समय वास्तव में महिलाओं का समय है। यदि यह गति बनी रही, तो देश की बालिकाएँ न केवल अपना परचम फहराएँगी, बल्कि मानव सभ्यता को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित दिशा भी देंगी। यही सृष्टि का स्वाभाविक और आवश्यक संतुलन है।

# सड़क दुर्घटना मुआवजा और संविधान : आय से परे मानवीय गरिमा की तलाश



प्रियंका सौरभ

सड़क दुर्घटना मुआवजे की तकनीकी व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान के मूल दर्शन—समता, गरिमा और कल्याणकारी राज्य—से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत में हर वर्ष लाखों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं और इनमें हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं या स्थायी रूप से अपंग हो जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में मुआवजा केवल आर्थिक राहत नहीं होता, बल्कि यह राज्य द्वारा पीड़ित के जीवन-मूल्य को स्वीकार करने और उसकी गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास भी होता है। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान मुआवजा प्रणाली मुख्यतः आय-आधारित है, जो पहली दृष्टि में तर्कसंगत लग सकती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह संवैधानिक मूल्यों के साथ कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। मोटर वाहन अधिनियम में अपनाई गई मल्टीप्लायर पद्धति पीड़ित की आय, आयु और आश्रितों की संख्या के आधार पर मुआवजा निर्धारित करती है। इसका उद्देश्य यह माना गया कि दुर्घटना से पूर्व जिस आर्थिक स्थिति में परिवार था, उसे यथासंभव पुनर्स्थापित किया जा सके। किंतु इस पद्धति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह मनुष्य के जीवन को उसकी बाजार-योग्यता से जोड़ देती है। एक उच्च वेतन पाने वाले व्यक्ति की मृत्यु या अपंगता पर लाखों या करोड़ों रुपये का मुआवजा तय होता है, जबकि एक दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक या असंगठित क्षेत्र के श्रमिक के लिए यह राशि बहुत कम होती है। इस प्रकार कानून अनजाने में यह संदेश देता है कि किसी व्यक्ति का जीवन उसकी आय के अनुपात में अधिक या कम मूल्यवान है। यह दृष्टिकोण सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित कानून के समक्ष समानता के सिद्धांत को चुनौती देता है। अनुच्छेद 14 केवल समान व्यवहार की बात नहीं करता, बल्कि यह मनमाने और असंगत वर्गीकरण पर रोक भी लगाता है। जब दो नागरिक समान परिस्थितियों में सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं, लेकिन केवल आय के आधार पर उनके जीवन का मूल्य अलग-अलग तय किया जाता है, तो यह एक प्रकार का संवैधानिक विरोधाभास उत्पन्न करता है। राज्य एक ओर सभी नागरिकों को समान मानता है, दूसरी ओर मुआवजे के स्तर पर उनके बीच आर्थिक हैसियत के आधार पर भेद करता है। इस व्यवस्था का सबसे गंभीर प्रभाव उन वर्गों पर पड़ता है जिनकी आय औपचारिक रूप से दर्ज नहीं होती या जिन्हें अर्जक ही नहीं माना जाता। गृहिणियाँ, बच्चे, वृद्ध और छात्र अक्सर काल्पनिक आय के आधार पर मुआवजा प्राप्त करते हैं। यह काल्पनिक आय वास्तविक सामाजिक योगदान को प्रतिबिंबित नहीं करती। एक गृहिणी का श्रम घर के भीतर अदृश्य रहता है, लेकिन वह परिवार और समाज की आर्थिक संरचना को संभालने में केंद्रीय भूमिका निभाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने किर्ति बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस (2021) जैसे मामलों में यह स्पष्ट किया है कि गृहिणी का कार्य केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आर्थिक मूल्य भी रखता है। इसके बावजूद, व्यवहार में मुआवजे की गणना में यह योगदान अभी भी पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित नहीं होता। आय-आधारित मुआवजा प्रणाली का एक और संवैधानिक आयाम अनुच्छेद 21 से जुड़ा है, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि जीवन का अर्थ केवल शारीरिक अस्तित्व नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन है। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु या अपंगता के बाद उसका जीवन-मूल्य केवल गणितीय सूत्रों और आय-स्लैब तक सीमित कर दिया जाता है, तो यह उसकी अंतर्निहित गरिमा को कमतर आँकने जैसा प्रतीत होता है। जीवन को केवल आर्थिक हानि के चश्मे से देखना उस संवेदनशील पीड़ा, मानसिक आघात और सामाजिक असुरक्षा को नजरअंदाज करता है, जिसका सामना पीड़ित परिवार को करना पड़ता है। इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि न्यायसंगत मुआवजा की अवधारणा स्वयं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्यापक अर्थों में व्याख्यायित की गई है। न्यायालय ने माना है कि मुआवजा केवल आय-हानि की भरपाई नहीं, बल्कि भावनात्मक क्षति, मानसिक वेदना और भविष्य की अनिश्चितता के लिए भी होना चाहिए। फिर भी, मौजूदा कानूनी ढांचा इन अमूर्त पहलुओं को पर्याप्त स्थान नहीं देता। परिणामस्वरूप, मुआवजा प्रक्रिया अक्सर एक यांत्रिक गणना बनकर रह जाती है, जिसमें मानवीय संवेदना का अभाव दिखाई देता है।

यदि हम अन्य परिवहन कानूनों से तुलना करें, तो यह असमानता और भी स्पष्ट हो जाती है। रेलवे अधिनियम और विमानन से जुड़े कानूनों में दुर्घटना की स्थिति में एक समान, निश्चित मुआवजा निर्धारित है, जो पीड़ित की आय या सामाजिक स्थिति से स्वतंत्र होता है। उदाहरण के लिए, रेलवे दुर्घटनाओं में मृत्यु पर एक निश्चित राशि दी जाती है। यह व्यवस्था यह स्वीकार करती है कि सुरक्षा का अधिकार और जीवन का मूल्य सभी नागरिकों के लिए समान है। सड़क परिवहन क्षेत्र में इस तरह की एकरूपता का अभाव यह प्रश्न उठाता है कि क्या भारत में सुरक्षा का अधिकार परिवहन माध्यम के अनुसार बदल जाता है।

एक कल्याणकारी राज्य में राज्य की भूमिका केवल न्यायालयों के माध्यम से विवाद निपटाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक को न्यूनतम गरिमा के साथ जीवन और मृत्यु दोनों में संरक्षण मिले। इस दृष्टि से सड़क दुर्घटना मुआवजा प्रणाली में सुधार समय की आवश्यकता है। सबसे पहले, एक उच्च और अनिवार्य न्यूनतम मुआवजा राशि तय की जानी चाहिए, जो नो-फॉल्ट लायबिलिटी के सिद्धांत पर आधारित हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आय चाहे कुछ भी हो, प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक सम्मानजनक आधारभूत सहायता मिले।

इसके साथ ही, गैर-अर्जक वर्गों के योगदान का यथार्थवादी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। गृहिणियों, बच्चों और वृद्धों के लिए मुआवजा निर्धारित करते समय केवल काल्पनिक आय के बजाय उनके सामाजिक, देखभाल और भावनात्मक योगदान को भी महत्व दिया जाना चाहिए। यह सुधार न केवल लैंगिक न्याय की दिशा में कदम होगा, बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के अधिक निकट भी होगा। मुद्रास्फीति और जीवन-यापन की बढ़ती लागत को देखते हुए मुआवजा राशियों का समय-समय पर स्वचालित संशोधन भी आवश्यक है।

वर्तमान में नोटशनल इनकम और अन्य पारंपरिक मदों की राशि वर्षों तक अपरिवर्तित रहती है, जिससे उनका वास्तविक मूल्य घटता जाता है। एक गतिशील व्यवस्था, जो आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को समायोजित कर सके, अधिक न्यायसंगत होगी। इसके अतिरिक्त, मुआवजा प्रणाली को केवल मृत्यु के बाद भुगतान तक सीमित नहीं रखना चाहिए। दुर्घटना के तुरंत बाद मिलने वाली चिकित्सा सहायता और नकद-रहित उपचार की व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्डन आवर में समय पर इलाज कई जानें बचा सकता है। हाल के वर्षों में शुरू की गई नकद-रहित उपचार योजनाएँ इस दिशा में सकारात्मक कदम हैं, लेकिन इन्हें और व्यापक तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

अंततः, सड़क दुर्घटना मुआवजे का प्रश्न केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता और संवैधानिक दृष्टि का भी है। यदि हम मनुष्य के जीवन को केवल उसकी आय से तौलते हैं, तो हम अनजाने में सामाजिक असमानताओं को कानूनी मान्यता दे देते हैं। एक सच्चा कल्याणकारी राज्य वह होता है जो यह स्वीकार करे कि हर जीवन समान रूप से मूल्यवान है, चाहे वह किसी कॉर्पोरेट कार्यालय में काम करने वाला हो या सड़क किनारे मेहनत करने वाला मजदूर। आय-आधारित गणना को पूरी तरह समाप्त करना संभव न भी हो, तो कम से कम उसे एक समान, गरिमापूर्ण आधारभूत मुआवजे के साथ संतुलित किया जाना चाहिए।

इस प्रकार, नुकसान के अंकगणित को न्याय की नैतिकता के अधीन करना ही भारतीय संविधान की आत्मा के अनुरूप होगा। सड़क दुर्घटना मुआवजा प्रणाली में ऐसे सुधार न केवल अनुच्छेद 14 और 21 के मूल्यों को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि नागरिकों के राज्य पर विश्वास को भी गहरा करेंगे। एक ऐसी व्यवस्था, जो हर जीवन को समान सम्मान दे, वास्तव में लोकतांत्रिक और कल्याणकारी भारत की पहचान होगी।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल रामपुर में जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज के 600 बेड़ो की मांग को लेकर धरने पर बैठा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से संगठन के सभी पदाधिकारी इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां पहुंचकर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिक राम को सौंपा इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर में जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज के 600 बेड़ो की स्थापना पूर्ण रूप से राजकीय स्तर पर स्थापना करने के लिए लगातार व्यापार मंडल द्वारा अनुरोध किया जा चुका है इस संबंध में रामपुर की जनता व्यापारी समाज लगातार राजकीये स्तर पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने हेतु मांग करता चला रहा है जिसके आधार पर जनता के ऊपर हो रहे जुल्म को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराया जाना अति आवश्यक है जनपद रामपुर के जिला चिकित्सालय में जितने भी मरीज है किडनी ,लीवर, ब्रेन हेमरेज, के जाते हैं उनका समय पर आवश्यकता अनुसार इलाज न मिल पाने के कारण उनका जिला चिकित्सालय द्वारा रेफर मुरादाबाद, बरेली, गुड़गांव, दिल्ली कर दिया जाता है हजारों गरीबों की मौत जिला चिकित्सालय से रेफर करने के पश्चात रास्ते में ही हो जाती है जिला चिकित्सालय मात्र पर रेफर केंद्र बनकर रह गया है इस संबंध में व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक वार्ता कर दो बार अनुरोध किया जा चुका है जिस पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 600 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू कराने के आदेश भी जारी किए थे लेकिन अनजान कारणों से मेडिकल कॉलेज शुरूआत का कार्य जानबूझकर लटकाया जा रहा है जिससे रामपुर की जनता तड़प तड़प के समय से इलाज के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो रही है

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 2505 वाहनो की जांच

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार 04 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 09 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1343 वाहनों की जांच की गई। इसी प्रकार 05 जनवरी 2026 को भी जनपद की सभी तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1162 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें 02 ओवरलोड वाहनों पर खनिज विभाग द्वारा तथा 08 वाहनों पर एआरटीओ द्वारा चालान की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे विशेष जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में प्रथम बार राष्ट्रीय हैंड बाल चैम्पपियनशिप का आयोजन : अमित गोयल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** अत्यन्त हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भांति इस बार बिजनौर में प्रथम बार राष्ट्रीय हैंड बाल चैम्पपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जोकि 07 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह कार्यक्रम स्पीड हैंड बाल फेडेरेशन आफ इंडिया द्वारा स्पीड हैंड बाल ऐसोशियेशन उत्तर प्रदेश तथा विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। खेल के आयोजन अध्यक्ष एवं विवेक विश्वविद्यालय के चैयरमेन अमित गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला अधिकारी जसजीत कौर द्वारा किया जायेगा उन्होने बताया कि राष्ट्रीय स्पीड हैंड बाल चैम्पपियनशिप में पूरे भारत से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, केरला, जम्मु कश्मीर, कर्नाटका महाराष्ट्र, छत्तीस गढ, पंजाब, चंडीगढ, उत्तरांचल, बिहार, गोआ, राजस्थान, तमिलनाडू, मध्यप्रदेश हिमाचल से महिला एवं पुरुष वर्ग की लगभग 31 टीमें दिनांक 06 जनवरी 2026 की शाम तक विवेक विश्वविद्यालय में पहुच जायेगी। उन्होने बताया कि 10 जनवरी 2026 को विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर समापन किया जायेगा। सभी टीमों के लगभग 500 महिला पुरुष खिलाडी विवेक विश्वविद्यालय के परिसर में रुकेगें रेलवे स्टेशन बस स्टैंड से खिलाडियों को लाने ले जाने हेतु महाविद्यालय की बसों का सुचारु रुप से संचालन किया जायेगा। परिसर में ही रात्री विश्राम खाने व रहने आदि का उचित व्यवस्था की गयी है। अमित गोयल ने बताया कि हमारा प्रयास बिजनौर को विश्वपटल पर अग्रणी स्थानों में लाने का रहा है इसके लिये हम सदैव प्रयासरत है आने वाले समय में बिजनौर को हर क्षेत्र में जाना पहचाना जाये इसके लिये हम सदैव प्रयासरत है।

# विवेक विश्वविद्यालय में डीएम जगजीत कौर द्वारा मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में विधानसभा निर्वाचन नियमावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में स्थानीय विवेक विश्विद्यालय के मेडिकल कॉलेज हाल में एक भव्य मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा भव्य रूप से स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह, विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति अमित गोयल, तहसीलदार सदर एवं नायब तहसीलदार सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक एवं छात्र एवं छात्राएं मौजूद। जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने युवा छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली पर आधारित शासन व्यवस्था प्रचलित है, जिसको आम नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करके बलवती बनाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी एवं परिपक्व बनाए रखने के लिए शिक्षित युवा वर्ग को आगे आना होगा ताकि देश विज्ञान, तकनीकी एवं अन्य क्षेत्रों विश्व स्तर पर किसी भी तरह पीछे न रह सके।

उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और एक सशक्त लोकतंत्र के लिए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया गया कि 01 जनवरी,2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी छात्र-छात्राएं एवं युवा वर्ग फॉर्म-6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने के बाद युवा एवं युवतियों के लिए बहुत से सामाजिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त हो जाते हैं, अतः कोई भी युवक एवं युवती, जिसने 01 जनवरी 2026 को अपनी आयु के 18 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, शत प्रतिशत रूप से फार्म 6 भर कर अपना पंजीकरण जरूर कराएं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर नए युवाओं एवं युवतियों के लिए ऑनलाइन फॉर्म 6 भरने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार परेड का निरीक्षण



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में आयोजित मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारीगणों के टर्नआउट, अनुशासन एवं परेड की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया गया।

तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रूम (लाइब्रेरी), कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा एवं आरटीसी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही परिसर की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# आर.एस.एम कॉलेज में एसडीएम स्मृति मिश्रा ने मतदान पंजीकरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** आर.एस. एम कॉलेज धामपुर, बिजनौर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत मतदान पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि धामपुर उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा व तहसीलदार धनराज कुमार और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.रश्मि शर्मा रावल ने की तथा कार्यक्रम का कुशल समन्वयन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ एवं संचालन महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता क्लब के समन्वयक डॉ विवेक यादव ने किया। क्लब समन्वयक डॉ विवेक यादव ने विद्यार्थियों को मतदान, मतदाता अधिकार एवं मतदान मूल्य जैसे नागरिक भागीदारी, जवाबदेही,नीति प्रभाव व शांतिपूर्ण परिवर्तन एवं राजनीतिक जागरूकता के बारे में संक्षेप में समझाया। मुख्य अतिथि स्मृति मिश्रा एसडीएम धामपुर ने विद्यार्थियों को मतदान, मतदाता के कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और भारत में पुरुष एवं महिला मतदाता की समानता के बारे में और मतदान के महत्वएवं शासन पर प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने , चुनाव में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। तहसीलदार ने नए मतदाता बनने की प्रक्रिया एवं फॉर्म नंबर 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और मतदान करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य महोदय ने नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का सबसे सीधा तरीका मतदान को बताया और नियमित चुनाव राजनेताओं को मतदान के प्रति जवाबदेह होने की बात कही, कार्यक्रम में महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस एल पाल, प्रो. शोराज सिंह, प्रो. रमाकांत, डॉ राजेश कटियार, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ पंकज शर्मा, डॉ. दीप सौरभ, डॉ.अमित कुमार गिरी, डॉ. चंद्रकला, सुमेरा नाज इत्यादि उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# सचिन अग्रवाल बने मीडिया हाउस के अध्यक्ष



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर किरतपुर नगर में मीडिया हाउस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से एकजुट होकर सचिन अग्रवाल को मीडिया हा-उस का अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने संगठन की मजबूती, आपसी एकजुटता और पत्रकारों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता बताते हुए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि मीडिया हाउस का उद्देश्य निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित प्रयास करना है। अध्यक्ष

सचिन अग्रवाल मीडिया हाउस की शुरूआत को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि नेक नीयत और कठिन परिश्रम से किया गया कोई भी कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। हमने एक स्पष्ट विजन के साथ इस मीडिया हाउस की शुरूआत की है। हमारे पास एक मजबूत और समर्पित टीम है, जिनकी बदौलत हम बहुत जल्द बुलंदियों तक पहुंचेंगे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। जल्द ही संगठन का विस्तार किया जायेगा।

# बिजनौर जेल में 100 कैदियों को दिए गर्म शाल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** नगीना बिजनौर कारागार जेल के अंदर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जेल के अंदर मौजूद बंदियों को 100 गर्म शाल बांट कर उनको इस ठंड में राहत देने का काम किया गया।ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट ऐसे लोगों जो कैदी अपना जुमार्ना न भरने के बिना पर जेल में सजा काट रहे होते हैं उनको भी छुड़ाने का काम करती है।

नगीना के हाजी तंजील आलम ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जेल के अंदर मौजूद बंदियों को 100 गर्म शाल बांट कर उनको इस ठंड में राहत देने का काम किया गया।

इस अवसर पर मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि हमें हर उस जगह जाकर काम करना चाहिए जो इंसानियत को इंसानियत सिखाती हो और इंसान को इंसान बनाने के लिए काम करती हो क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे हिंदुस्तान में अलग-अलग जगह में जेल में जाकर गर्म शाल गर्म कपड़े बांटने का काम करती है और इसी तरह जो कैदी अपना जुमार्ना न भरने के बिना पर जेल में सजा काट रहे होते हैं उनको भी छुड़ाने का काम करती है इसी तरह ऑल इंडिया पायामय इंसानियत जाड़ों में गर्म चाय गरम कपड़े गर्मियों में ठंडा पानी शरबत फ्री मे बाटती है इसी कड़ी आज 100 गरम शाल बिजनौर कारागार जेल में बाटी गई इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की मुफ्ती फूजेल और हाजी तन्जील आलम मौजूद रहे।

# नगरायुक्त ने कराया दो समस्याओं का समाधान

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगर निगम में संभव जनसुनवाई के दौरान आज सात समस्याएं आयी। इनमें तीन अतिक्रमण सम्बंधी तथा दो सफाई सम्बंधी रही। नगरायुक्त शिपू गिरि ने सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया तथा अतिक्रमण सम्बंधी समस्याओं के लिए प्रभारी प्रवर्तन को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 3 अशोक विहार कॉलोनी निवासी हरिप्रकाश ने अशोक विहार में नालियों की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 23 अंसारी रोड निवासी आशीष शर्मा ने कर्णवाल मार्किट में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने तत्काल सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान करा दिया। वार्ड 4 मनोहरपुर निवासी अनिल गर्ग ने सौ फुटा रोड पर मनोहरपुर में सीवर की साफ सफाई व ढक्कन लगवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर जल कल विभाग के अवर अभियंता को निर्देश दिए गए कि वह स्थलीय निरीक्षण कर सीवर की सफाई व ढक्कन लगवाने का कार्य कराएं। इसके अलावा वार्ड 55 चंद्र नगर निवासी राजकुमार ने चंद्रनगर में अवैध अतिक्रमण हटवाने, वार्ड 59 विजय टाकिज निवासी तनवीर ने नाला पटरी विजय टाकिज पर अवैध अतिक्रमण हटवाने तथा वार्ड 5 सड़क दूधली के संजय ने सड़क दूधली में सड़क से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 13 चकहरेटी के पदमसिंह ने भी चकहरेटी में जलभराव की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

# गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कम्प

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर झालू गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में। शव मिलने की सूचना पर उच्चाधिकारियों ने भी किया मोके स्थल का निरीक्षण। क्षेत्र में तरह-तरह की चचाओं से बाजार रहा गर्म प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि में करीब तीन बजे झालू चौकी पुलिस को सूचना मिली कि गांव खारी से गौसपुर टोपरी को जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना पर

चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति का शव पेट में गोली लगा पड़ा हुआ है उन्होंने पेट में गोली लगे शव की सूचना तुरंत ही उच्चाधिकारियों को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त आसपास के ग्रामीणों से कराई वही गोली लगे शव की शिनाख्त खारी निवासी इस्लामुदिन पुत्र शराफत अली (38 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को लिया कब्जे में। शव की सूचना मिलने पर हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार भी मौके पर पहुंचे।

# 24 घण्टे में मथुरा पुलिस ने किया चाँदी व्यापारी हत्याकांड का खुलासा, भतीजे ने की थी हत्या

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** महानगर के थाना गोविंदनगर पुलिस एवं स्वाट टीम ने 24 घंटे के भीतर व्यवसायी की हत्या एवं लूट की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये मूल्य की चांदी, सोना, नगदी, आलाकत्ल तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। आरोपी मृतक का सगा भतीजा है जोकि आन लाइन सट्टा में काफी धनराशि गंवा चुका था।

5 जनवरी सोमवार को तेलीपाड़ा, लाल दरवाजा नि. सतीश चंद्र गर्ग की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर घर से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी द्वारा छह अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच एवं गोपनीय सूचनाओं के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जिसमें एक संदिग्ध की भूमिका सामने आई। 6 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे पुलिस टीम ने हनुमान मंदिर के पास वृंदावन-मथुरा रोड से लाला उर्फ रितेश पुत्र बाबूलाल अग्रवाल निवासी गुरुकृपा संगम, थाना गोविंदनगर, मथुरा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में लाला उर्फ रितेश ने बताया कि मृतक सतीश चंद्र गर्ग उसका सगा फूफा था। वह ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट पर जुए का आदी था और लगातार हार के कारण उस पर करीब 35 लाख रुपये का कर्ज हो गया था। कर्ज चुकाने और धन प्राप्त करने के लालच में उसने अपने फूफा की हत्या की योजना बनाई।

अभियुक्त ने बताया कि एक दिन पहले उसने हत्या के लिए सुआ नुमा हथियार खरीदा था। वह स्कूटी से मृतक के घर पहुंचा और बातचीत के दौरान मौका पाकर सुआ से कनपटी पर वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद वह घर से चांदी, सोना, नगदी और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। लूटे गए माल को ठिकाने लगाने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 45 किलो 946 ग्राम चांदी (कीमत लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपये) 19.59 ग्राम सोना (कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये) 18 हजार रुपये नगद घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। कुल बरामदगी की कीमत लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये बताई गई है।

## व्यापारियों की मांगः अभी पूरा सामान नहीं मिला

**व्यापारियों** ने पुलिस कप्तान से मुलाकात कर कहा कि अभी उनका पूरा सामान बरामद नहीं हुआ है। चोरी गए माल में सोने और चांदी के जेवरात शामिल हैं, जबकि फिलहाल उनके पास केवल खाली डिब्बे ही बचे हैं। इस पर पुलिस कप्तान ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अभियुक्त की निशानदेही पर जो भी सामान बताया गया था, उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। पूछताछ की प्रक्रिया अभी जारी है और यदि आगे और सामान की जानकारी मिलती है तो उसे भी निश्चित रूप से बरामद कर व्यापारियों को सौंपा जाएगा। एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ह्लहम कोई सामान हवा में लाकर तो दे नहीं सकते, लेकिन जो मिलेगा वह आपको अवश्य दिया जाएगा।

# राणा इलेवन के सिर बंधा जीत का सेहरा प्रधान इलेवन को छः विकेट से हराया

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के धौलाना क्षेत्र के गांव ककराना में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट में राणा इलेवन ने प्रधान इलेवन को छह विकेट से हराकर ट्रॉफी झटक ली। मैन ऑफ द मैच राणा इलेवन के कैप्टन राहुल राणा को चुना गया। जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के यह जानकारी देते हुए टूनामेंट के आयोजक मंडल में शामिल विशेष प्रताप सिंह राणा ने बताया कि इस टूनामेंट में छः टीमों ने प्रतिभाग किया। जिनमें से राणा इलेवन एवं प्रधान इलेवन फाइनल में पहुंची। टॉस जीतकर राणा इलेवन ने बल्लेबाजी का निर्णय लिया। इस टीम ने बीस ओवरों में 206 रन जड़ दिए। जिसके जबाब में राणा इलेवन ने मात्र 16 ओवरों में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर व जीत दर्ज करा दी। राणा इलेवन की ओर से राहुल राणा के 63 गेंदों ने नाबाद रहते हुए 122 रन शामिल रहे। साथ ही विपक्षी टीम प्रधान इलेवन खिलाडी विक्रांत राणा के 37 गेंदों में 86 रन व केशव राणा के 26 गेंदों में 9 छक्के व 3 चौके सहित 76 रन चर्चा का विषय रहे। मैन ऑफ द मैच राहुल राणा रहे, चिंटू के श्रेष्ठ गेंदबाज की ट्रॉफी दी गई।

## सार संक्षेप

### नवागत थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने लिया बलदेव में चार्ज



**मथुरा/बलदेव।** पुष्पेंद्र कुमार को थाना बलदेव का थाना प्रभारी बनाया गया है। चार्ज लेने के बाद उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करते हुए थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त को बढ़ाया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय का माहौल बनाना है। थाने में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका समय पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि थाना क्षेत्र में कहीं भी कोई अपराध होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। स्थानीय व्यापारी नेता विनोद मोदी, युवा नेता मोहित चौधरी, शुभम चौधरी, आचार्य मनीष गगार्चार्य, सुजीत वर्मा, आदि ने नवागत थाना प्रभारी का सम्मान कर बधाई दी।

### रामानंद आश्रम के सरंक्षक शंकर लाल चतुवेर्दी का निधन



**मथुरा/गोवर्धन।** आन्योर परिक्रमा मार्ग में स्थित रामानंद आश्रम के सरंक्षक शंकर लाल चतुवेर्दी जी का 75 साल की उम्र मे मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके परिजनो शिष्यों व मित्रगण शोकलीन हो गए। वह श्री भक्ति प्रकाश रामलीला मण्डल के संस्थापक थे, उन्होंने करीब एक हजार रामलीला अपनी रामलीला मण्डल के साथ की। वह अपनी श्री भक्ति प्रकाश रामलीला मण्डल के साथ दूर दूर तक रामलीला करने जाते थे। उनके निधन के खबर मिलते ही उनके अंतिम दर्शन करने के लिए काफी संख्या मे उनके शिष्य मित्रगण एवं शुभ चिंतक रामानंद आश्रम पर पहुँचे। शोक सभा मे राम अनुग्रह दास महाराज, सत्यम चतुवेदी, ऋषभ चतुवेदी, अंकित पाठक, अर्चित पाठक एवं गोवर्धन कस्बे के व्यापारी एवं समाजसेवी आश्रम पर मौजूद रहे।

### 24 जनवरी को वृन्दावन में जुटेंगे यदुवंशी, बरसाना में किया संपर्क



**मथुरा/,बरसाना।** आगामी 24 जनवरी को वृन्दावन में भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलियों के यादवों का समागम होने जा रहा है। इसमें वृन्दावन बृज परिक्रमा कार्यक्रम को लेकर एक बैठक बरसाना में आयोजित की गई। इसमें बरसाना यादव समाज की दर्जनों माताओं ने भाग लिया व भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलियों के यादव बंधुओं के साथ परिक्रमा में भाग लेने का संकल्प लिया। बरसाना की मातृशक्ति ने कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जिलाध्यक्ष पूनम यादव तथा महिला इकाई की महासचिव वीना यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर बरसाना की प्रिया, सुधा, सुनीता, पूनम, श्रीमती, गीता, सर्वेश, आशा, संतरा देवी, बिमलेश, हेमलता, पुष्पा, ऊषा, ब्रजवती, अल्का आदि ने बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद यादव ने अपील की भगवान श्रीकृष्ण और उनकी संस्कृति से जुड़े आयोजन में सभी बढ़ चढ़कर भाग लें। सौभाग्य का विषय है कि देश के सभी राज्यों विशेषकर भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ास्थलियों के यादव एक साथ ब्रज में पधार रहे हैं। नीतू यादव ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

# जय कृष्ण उपाध्याय एडवोकेट की इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जज नियुक्ति पर दी बधाई




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ (उ.प्र.)।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा एवं प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से केंद्रीय विधि मंत्री द्वारा जय कृष्ण उपाध्याय एडवोकेट को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने कहा कि जय कृष्ण उपाध्याय जैसे अनुभवी, निष्पक्ष और कर्मठ अधिवक्ता की न्यायालय में नियुक्ति से वादकारी जनता को न्यायिक प्रक्रिया का बेहतर लाभ मिलेगा तथा न्याय व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा और हत्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार को बांग्लादेश में रहने वाले करोड़ों हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद से पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा व्यवस्था लगातार दयनीय स्थिति में रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाकर पीड़ित हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराए।

# श्री गंगा महारानी का भव्य फूल बंगला सजाया, हुई भजन संध्या

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** श्रीजी गंगा सेवा समिति द्वारा श्री गंगा महारानी का भव्य फूलबंगला सजाया गया एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री गंगा महारानी के दरबार को देसी विदेशी फूलों से सजाया गया एवं छप्पन भोग अर्पित किए गए। कार्यक्रम के प्रथम दिन विद्वान आचार्यो द्वारा विधि विधान से हवन यज्ञ कराया गया एवं दूसरे दिन ब्राह्मण भोज एवं श्री गंगा महारानी के भव्य दरबार के समक्ष सजाया गया छप्पन भोग।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री वृंदावन से पधारे परम संत योगी नवल गिरी महाराज द्वारा श्री गंगा महारानी के विग्रह के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवल जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह समिति हमेशा से समाज के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही है साथ ही गरीब एवं असहाय लोगों की भी समय-समय पर मदद करती रही है, यह बहुत पुण्य का कार्य है। समिति के संस्थापक छगनलाल कागजी एवं महेश चंद गिलट वालों ने समिति के बारे में समय-समय पर हो रहे कार्य के बारे में बताया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विष्णु गिलट वाले एवं मंगी माधव सर्राफ द्वारा डॉक्टर अशोक अग्रवाल एवं अन्य समाजसेवियों का स्वागत किया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा देवी गंगा मां की भव्य भजन प्रस्तुत किए गए, देर रात तक भक्त लोग भजनों को आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय बंटी, अमित कागजी, दीपक सर्राफ, ललित सर्राफ, आशीष, अपूर्व, योगेंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में श्री गंगा महारानी की महा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समिति के अध्यक्ष विष्णु गिलट वालों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नशीली दवा खिलाकर युवती को भगाने का आरोप, पड़ोसी युवक पर मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पड़ोसी युवक पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर तथा परिजनों को नशीली दवा देकर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवक व युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, 1 जनवरी को उसकी पुत्री ने खाने में नशीली दवा मिलाकर परिवार को खिला दी, जिससे सभी बेहोश हो गए। इसी दौरान पड़ोसी युवक ने उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया। होश में आने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुस्तकीम पुत्र समीम निवासी सलेमपुर मार्ग हमजा कलोनी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और युवक व युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

# ब्रजघाट में शिव मंदिर की स्थापना, 51 ब्राह्मणों व 31 सफाईकर्मी महिलाओं का हुआ सम्मान



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ब्रजघाट में गंगा तट पर शिव परिवार के लिए लोहे के मंदिर की स्थापना की गई। यह आयोजन आशुतोष शर्मा के माध्यम से सम्पन्न हुआ। मंदिर स्थापना के उपरांत घाटों पर पूजा-अर्चना करने वाले 51 ब्राह्मणों एवं 31 महिला सफाई कर्मचारियों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान आशुतोष शर्मा ने कहा कि वे ब्रजघाट से निरंतर जुड़े हुए हैं और समय-समय पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों की सहायता करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रजघाट पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं और उनका लक्ष्य है कि यहां हरिद्वार की तर्ज पर समुचित व्यवस्थाएं विकसित की जाएं। इसके लिए आने वाले समय में हापुड़ प्रशासन को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यों की सूची सौंपी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उनका अनुभव सुखद हो। कार्यक्रम के दौरान 23 जनवरी को आयोजित होने वाली ह्यगढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्राह्ल के लिए भी सभी से समर्थन की अपील की गई, जिस पर सैकड़ों लोगों ने यात्रा में शामिल होने का वादा किया। इस कार्यक्रम में शौर्य शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सरवन शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंडित विजेंद्र शर्मा, सतपाल यादव, गढ़मुक्तेश्वर अध्यक्ष तरुण कश्यप, हापुड़ जिला प्रभारी अंकित कौशिक, आरव कौशिक, अर्जुन पंडित सहित 250 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन भागवत श्रवण से जीव का कल्याण संभव है कथा व्यास डॉ.शैल बिहारी दास

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के नगर के जवाहर गंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान का संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा वातावरण 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के संकीर्तन से गूंज उठा। कथावाचक डॉ शैल बिहारी दास ने कहा कि धुंधकारी चरित्र और उसके अंत की दिव्य कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार धुंधकारी ने पापकर्मों का मार्ग त्यागकर सत्संग और भक्ति के माध्यम से मुक्ति प्राप्त की, उसी प्रकार मनुष्य को भी सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान में एकाग्रता स्थापित करनी चाहिए।

धुंधकारी का उद्धार गोकर्ण के माध्यम से हुआ, जो यह दशार्ता है कि भागवत श्रवण से जीव का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को आत्म बल प्राप्त होता है। व्यक्ति निर्भीक और शक्तिमान होते है। श्रीमद् भागवत हमे कर्म की ओर प्रेरित करता है। मानव जीवन में कर्म की महत्ता है। अच्छे कर्मों की ओर प्रेरित करता है। मानव जीवन में कर्म की महत्ता है। अच्छे कर्मों का अच्छे और बुरे कर्मों का बुरा फल प्राप्त होता है।

इस मौके पर डॉ.राकेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नेहुल अग्रवाल, डॉ सुमन अग्रवाल, यर्थाथ अग्रवाल, भावना अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश ठठेरे, पूनम कर्णवाल, शान्तुन सिंघल, राहुल सिंघल, संजीव रस्तोगी, बिट्टू वर्मा आदि मौजूद थे।

# गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के ब्रजघाट में शिव मंदिर की स्थापना और 51 ब्राह्मणों का सम्मान किया आशुतोष शर्मा



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के ब्रजघाट में आशुतोष शर्मा के माध्यम से शिव परिवार के लिए लोहा मंदिर का निर्माण गंगा जी के घाट पर किया गया और घाटों पर पूजा करने वाले सभी ब्राह्मणों का सम्मान किया गया साथ ही आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में ब्रजघाट पर एक भंडारे का आयोजन भी किया गया

बृजघाट पर आशुतोष शर्मा किसी न किसी कार्यक्रम के माध्यम से लगातार वहां के लोगों से जुड़े रहते हैं और उनकी मदद करते हैं शिव मंदिर स्थापना के साथ-साथ 51 ब्राह्मण और 31 सफाई कर्मचारी महिलाओं का कपड़े देकर सम्मान आशुतोष शर्मा के माध्यम से किया गया।

आशुतोष शर्मा ने बताया हमारी टीम का लक्ष्य है ब्रजघाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं उनके लिए समुचित व्यवस्था हरिद्वार के तर्ज पर की जाए और उसके लिए आवश्यक कार्य कराया जाए आने वाले समय में हापुड़ प्रशासन को पत्र लिखकर ब्रजघाट में होने वाले कार्यों की सूची सौंपी जाएगी और वहां के लोगों को सुविधा मिले श्रद्धालुओं का अनुभव अच्छा हो इसके लिए लगातार कार्य किया जाएगा। 23 जनवरी को होने वाली गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा के लिए भी सभी का समर्थन मांगा गया और सैकड़ो लोगों ने 23 जनवरी को गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा में शामिल होने का वादा किया।

# कृष्ण कुटीर में मोहिनी दासी के भजनों पर थिरकीं वृद्ध माताएं

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** भारत सरकार के महिला व बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित और उप्र महिला एवं बाल कल्याण निगम द्वारा नगला रामताल में वृद्ध माताओं के लिए संचालित ₹कृष्ण कुटीर₹ में भजन गायिका मोहिनी कृष्ण दासी की भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें वृद्ध माताएँ भक्ति रस से सराबोर हुईं।

नववर्ष के अवसर पर हुई भव्य भजन संध्या में राधा रानी सहित अन्य इष्टदेवों के भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए गये। गोप गोपी सेवा संस्थान वृंदावन से जुड़ी भजन गायिका मोहिनी के साथ शिवम ने भी मधुर वाणी में भजन गाये और कार्यक्रम को मधुर बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कुटीर के प्रबंधन की ओर से शिल्पा मुरगई ने भजन गायिका मोहिनी एवं शिवम को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कथा वाचिका मोहिनी कृष्णदासी ने कृष्ण कुटीर में निवासरत समस्त वृद्ध माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ₹सार्वजनिक शिक्षान्नयन संस्थान₹ द्वारा कृष्ण कुटीर का संचालन वृद्ध माताओं की भावनाओं के अनुरूप बहुत बेहतर तरीके किया जा रहा है। यहाँ खान-पान से लेकर आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की जो व्यवस्था है, वह अन्य संस्थाओं के लिए अनुकरणीय है। वृद्ध माताएँ यहाँ स्वयं को अपने घर जैसा सुरक्षित और आत्मीय वातावरण महसूस करती हैं।

भजन संध्या के दौरान मोहिनी कृष्णदासी ने लाडली तुझे तुझको बरसाना सहित अनेक लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर उपस्थित माताएँ भाव-विभोर हो उठीं। कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ वृद्ध माताओं की सहभागिता रही।

भजनों की भावधारा में बहते हुए अंततः सभी माताएँ भजनों पर नृत्य करने लगीं और वातावरण पूर्णतः भक्ति-रस में डूब गया।

## संतकबीरनगर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# अवैध तस्करी के गाँजा की बड़ी खेप बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व क्रय / विक्रय की रोकथाम हेतू चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी धनघटा अभय नाथ मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय नेतृत्व में उ0नि0 अशोक कुमार सिंह, हे0का0 पंकज कुमार यादव, हे0का0 शम्स तबरेज, का0 रितेश यादव, का0 राजमंगल, का0 अंकित पटेल, का0 सुनील सिंह व का0 विकास साहनी, का0 छोटेलाल कन्नौजिया ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्तगण मनोज यादव पुत्र जयराम यादव, शम्भू पुत्र मनोगी निवासीगण



चकोरा थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर को रात्रि दिनांक 05/06.01.2026 को भगता मोड़ के पास से 02 अभियक्तो को कुल 15 किलो अवैध गाँजा, 05 अदद मोबाइल, 01 अदद अल्टो कार व 2070 रु0 नकद बरामद करते हुये दोनो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0स0 06/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्तों के पास से कुल 15 किलो अवैध गाँजा, 01 अदद अल्टो कार, 05 अदद मोबाइल, 2070 रु0 नकद बरामद किया गया है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताये कि हम लोग बेरोजगार है काफी दिनो से अपने तथा अपने परिवार के सदस्यो के पालन पोषण हेतु उड़ीसा प्रदेश से व्यापक मात्रा मे गांजा इसी अल्टो कार से लाते है अपने तथा अपने आस पास के जनपदो मे कई स्थानो पर व्यापक मात्रा मे इसी आल्टो कार से बेचते है आज भी इसको बेचने ले जा रहे थे कि आप लोगो ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया, मौके पर बरामदशुदा अल्टो कार के बारे मे अभियुक्त मनोज ने बताया कि यह कार मेरे मित्र संजय विश्वकर्मा निवासी भदौरिया चौराहा ज्वाहर नगर थाना सीसामऊ जनपद कानपुर नगर का है जिससे मै काफी दिनो से मित्रता में मांगकर लाये थे जिन्हे यह नही बताये थे कि इस कार से हम लोग अवैध रुप से गांजा का व्यापार करेंगे। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 25000 रु0 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी।

## ब्लॉक प्रमुख पति को जमकर पीटा वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में अगौता भाजपा समर्थित ब्लॉक प्रमुख पति आदेश चौधरी को दबंगों ने जमकर पीटा सदर तहसील में पंचायत मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करने पहुंचे थे आदेश चौधरी गांव के प्रधान पद के उम्मीदवार दो पक्षों में चल रही थी कहासुनी दोनों पक्षों को समझा रहे थे ब्लॉक प्रमुख पति एक पक्ष के दर्जनभर लोगों ने ब्लॉक प्रमुख पति पर बोल दिया हमला ब्लॉक प्रमुख पति की जमकर की पिटाई ब्लॉक प्रमुख पति की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा जमकर वायरल अधिकारियों के सामने जमकर चले लात घूसे आरोपियों के खिलाफ पीड़ित ब्लॉक प्रमुख ने कोतवाली नगर में पुलिस को दी तहरीर।

# कोतवाली पुलिस ने दबोचा फरारचल रहे वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** बागेश्वर में कोतवाली पुलिस नशा तश्करो पर सिंघम बनकर कहर ढा रही है।कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अवैध नशे के सौदागरों को रडार में लेकर उनसे अवैध नशे का काला कारोबार छोड़ने, और पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है।कोतवाल अनिल उपाध्याय लगातार अवैध नशा तश्करी करने वालों के खिलाफ सिंघम बनकर अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत कोतवाली बागेश्वर पुलिस को एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। दोनों आरोपी स्मैक तस्करी और चरस तश्करी मामले में काफी समय से वांछित चल रहे थे। बेहतर कानून व्यवस्था के साथ नशा तश्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर नशा तश्करी में लिप्त अभियुक्तों को अवैध मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया जा रहा है।मालूम हो कि गत माह में भी कोतवाली पुलिस द्वारा स्मैक तश्करी कर युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने वाले एक अभियुक्त को भी पकड़ा था।कोतवाली बागेश्वर में पंजीकृत मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत वांछित अभियुक्त मयंक सिंह कन्याल (उम्र 25 वर्ष), निवासी दुर्गा विहार, मुखानी (नैनीताल और महिपाल सिंह दानू, निवासी दयू जैकानी बाछम थाना कपकोट निवासी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी।

## सार संक्षेप

### छात्राओं ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया।यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के क्रम में आयोजित हुआ।अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राएं कस्बे की विभिन्न बस्तियों में पहुंचीं और आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क पर चलते समय यातायात संकेतों का पालन करने के महत्व की जानकारी दी।छात्राओं ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है।जागरूकता अभियान के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और लोगों से सुरक्षित यातायात अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से नगरवासियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद रहा।

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग पर एक युवक के साथ लाठी-डंडों से की गई मारपीट का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कई युवक एक युवक को घेरकर उस पर बेरहमी से डंडों से हमला कर रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र की बिजली घर बस्ती निवासी कासिम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत रविवार को वह अपने घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते पड़ोस के कई युवक मौके पर पहुंचे और हाथों में डंडे लेकर उस पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे चारों ओर से घेरकर जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में किसी व्यक्ति ने सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान कर रही है।

# निराश्रितों का हाल चाल जानकर डीएम ने दिया हर संभव सहयोग का भरोसा

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर ,गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने नीलेश्वर स्थित राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय, वृद्धाश्रम तथा विशेष दत्तक ग्रहण केंद्र (सा) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में दी जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टरों की जांच की तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा और मेन्यू के अनुसार भोजन कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में रहने वाले निराश्रित असहाय वरिष्ठजनों से उनका हालचाल जाना, और उन्हें उचित सहयोग देने का भरोसा दिया।डीएम आकांक्षा ने कहा कि आश्रम में सभी लोगों को घर की तरह मिलने वाली सभी सुविधाएं प्रदान कराई जाएंगी।घर से दूर कोई भी अपने को नही समझे इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी वरिष्ठजनों को यथासंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिस पर सभी बुजुर्गों ने जिलाधिकारी को अपना आशीर्वाद दिया और उनके जीवन मे नित उन्नति की कामना की।जिलाधिकारी ने सभी वृद्धजनों से उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रत्येक 15 दिन में वृद्धजनों का नियमित एवं समुचित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया।

वृद्धाश्रम में मानव संसाधन की कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने शासन को पत्र प्रेषित कर अतिरिक्त स्टाफ की मांग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया। वृद्धाश्रम में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित सफाई कर्मचारी को हटाते हुए नए कर्मचारी की तैनाती के निर्देश दिए गए। राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं की पढ़ाई, भोजन की गुणवत्ता एवं आवासीय व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को मनोयोग से अध्यापन करने तथा शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों का भविष्य गुरुजनों के हाथ में होता है और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आवश्यक है।

# कपकोट में उतरायणी मेले का हुआ पोस्टर विमोचन




वेलकम इंडिया

**कपकोट तनुज तिरूवा।** आगामी उतरायणी मेले को लेकर आज कपकोट नगर पंचायत के सभागार में मेले का पोस्टर विमोचन किया गया इस मौके पर विधायक सुरेश गढ़िया ने क्षेत्रवासियों को मेले को भव्य व दिव्य बनाने की अपील की।

नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने बताया कि मेले में इस बार कई नये कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता व दंगल कुश्ती प्रतियोगिता के अलावा बेहद आकर्षक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण बनेंगे।

इस दौरान उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल ने सभी क्षेत्रवासियों को मेले को शांति पूर्ण करने को लेकर अपील की।मेले के पोस्टर विमोचन के दौरान मेले के प्रचार-प्रसार की अहम जिम्मेदारियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी बलवंत सिंह रावत ने किया। इस दौरान सभी वार्डो के सभासद सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सुंदर सिंह मेहरा बने ब्लाक संगठन के अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**कपकोट -तनुज तिरूवा।** कपकोट विकास खंड के अंतर्गत ब्लाक ग्राम प्रधान संगठन का चुनाव सम्पन्न हो गया है। जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गये। अध्यक्ष पद पर सिंलगांर प्रधान सुंदर सिंह मेहरा उपाध्यक्ष पोठाक प्रधान भगत राम,व भूपेंद्र सिंह कोरंगा सुमगढ महिला उपाध्यक्ष मीना देवी लीती महामंत्री देवेंद्र सिंह बैसानी मंत्री ऊंषा कुमल्टा सलिग मंत्री दिनेश दानू व खीम सिंह कोषाध्यक्ष कमलेश जोशी सह कोषाध्यक्ष आनंद सिंह कपकोटी व मीडिया प्रभारी लक्ष्मण सिंह बोरा सह कोषाध्यक्ष भरत कुमार निर्विरोध चुने गये। वहीं जिला प्रतिनिधि पद पर बहादुर सिंह, भूपाल सिंह, मंजू देवी, सरस्वती देवी,प्रवीन मटियानी को चुना गया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुभाष चन्द्र लोहनी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मिष्ठान कर शुभकामनाएं दी।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में रवाईखाल व काण्डे में लगा बहुद्देशीय शिविर

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** न्याय पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारी जनप्रतिनिधि जनता के द्वार पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं।जहां दो न्यायपंचायत में आयोजित शिविर में 122 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें अधिकांश समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।



जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को न्याय पंचायत रवाईखाल एवं काण्डे में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 900 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग कर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया। शिविरों के दौरान विभिन्न प्रकार के कुल 37 प्रमाण पत्र भी जारी किए गए।शिविरों में जनता द्वारा कुल 122 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को द्रुत गति से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। दोनों शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं।

राइका रवाईखाल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या तथा राज्य महिला उद्यमिता परिषद की उपाध्यक्ष गीता बिष्ट ने भी प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई करने तथा यथासंभव समस्याओं के निराकरण हेतु मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।उन्होंने शिविर में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से सुना और विभागवार शिकायतों पर सम्बन्धित अधिकारियों से समस्या निराकरण हेतु उनका जबाब मांगा, और जिन समस्याओं का निराकरण हो सकता था उनका तत्काल निराकरण किया।साथ ही लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीयस्तर पर क्या समाधान हो सकता है, इसके लिए शासन स्तर से भी तत्काल पत्राचार कर समाधान हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए।कहा कि सरकार द्वारा जन जन से संवाद हेतु महत्वाकांक्षी अभियान चलाया गया है।जिसमें समय से समस्याओं का निराकरण हो रहा है।

# पूर्वी यमुना नहर किनारे नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।आशंका जताई जा रही है कि लोक-लाज के भय से किसी कुंवारी मां ने नवजात शिशु को जन्म के बाद नहर किनारे फेंक दिया होगा।



हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर के समीप लकड़ी बीनने वाली महिला पूजा ने पुलिस को बताया कि नवजात शिशु का शव करीब तीन दिनों से उसी स्थान पर पड़ा हुआ था। दुर्गंध फैलने और लोगों की नजर पड़ने के बाद मामले की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की सहायता से नहर किनारे पड़े नवजात के शव को उठवाया। इसके बाद नियमानुसार गड्ढा खुदवाकर शव को दफना दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पूर्वी यमुना नहर के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिला था, जिसे विधिवत रूप से दफना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए पुलिस गहन जांच-पड़ताल कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात शिशु को किसने और किन परिस्थितियों में नहर किनारे छोड़ा। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है।घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चचाएं चल रही है।

## धोखाधड़ी में वांछित दस हजार रुपये का इनामी शातिर गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चल रहे दस हजार रुपये के इनामी शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थाना खुर्जा नगर पुलिस और स्वाट टीम देहात ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे तहसील खुर्जा के पास से पकड़ा।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया शातिर सचिन शर्मा निवासी ग्राम खेरली हाफिजपुर, थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर, थाना खुर्जा नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से वांछित था। गिरफ्तारी न होने पर उस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

# सड़कों पर बचपन की जंग: किताबों की उम्र में खतरनाक करतब करने को मजबूर मासूम

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** सड़कों और चौराहों पर आज भी ऐसा मंजर देखने को मिल जाता है, जो सभ्य समाज और विकास के दावों पर करारा तमाचा है। जिन नन्हे हाथों में किताब, कलम और स्कूल बैग होने चाहिए थे, वही हाथ आज दो वक्त की रोटी के लिए आग के गोले, खतरनाक करतब और जोखिम भरे खेल दिखाने को मजबूर हैं। यह दृश्य अब किसी एक शहर या चौराहे तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि लगभग हर बड़े कस्बे और महानगर की सच्चाई बन चुका है।धूप हो या ठंड, बारिश हो या भीषण गर्मी—ये मासूम बच्चे ट्रैफिक सिग्नलों, चौराहों और सड़कों के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर राहगीरों का



ध्यान खींचने की कोशिश करते नजर आते हैं। कभी कलाबाजियां, कभी रस्सी पर चलना, तो कभी आग के छल्लों से खेलना—सब कुछ सिर्फ इसलिए कि कोई राहगीर दया खाकर दो-चार सिक्के उनकी ओर उछाल दे। सवाल यह है कि क्या यही इन बच्चों का बचपन है।समाज और प्रशासन की उदासीनता इन बच्चों की हालत को और भी बदतर बना रही है। बाल मजदूरी निषेध कानून, शिक्षा का अधिकार और बाल संरक्षण से जुड़े नियम-कानून कागजों में तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। गरीबी, बेरोजगारी और पारिवारिक मजबूरियां इन मासूमों को स्कूल से दूर कर सड़कों पर ला खड़ा कर रही हैं।शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यदि समय रहते इन बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का अवसर नहीं दिया गया, तो आने वाला भविष्य और भी भयावह हो सकता है। जरूरत है कि प्रशासन सख्ती के साथ ऐसे बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें स्कूलों और पुनर्वास केंद्रों से जोड़े। वहीं समाज को भी केवल दया दिखाने के बजाय अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।यह केवल एक खबर नहीं, बल्कि हमारे समाज के सामने खड़ा एक आईना है। जब तक हर मासूम हाथ में कलम नहीं पहुंचेगी और हर बच्चा सुरक्षित बचपन नहीं जी पाएगा, तब तक विकास के सारे दावे अधूरे ही रहेंगे।

# रोजगार गारंटी में सुधार ,भावनाओं के बजाय तथ्यों पर आधारित हो बहस : शैलेश कुमार सिंह

वेलकम इंडिया



**वाराणसी**। लोकतंत्र में लोकनीति पर सार्वजनिक बहस स्वाभाविक ही नहीं बल्कि जरूरी भी है आजीविकाओं (खास तौर से ग्रामीण परिवारों के लिए) को आकार देने वाले कानूनों की कड़ाई से समीक्षा की ही जानी चाहिए लेकिन इस तरह की समीक्षा नए कानून के प्रावधानों के सावधानी पूर्वक अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए यह पिछले फ्रेमवर्क से निकाले गए अनुमानों या नुकसान के भय पर आधारित नहीं होनी चाहिए मगर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 की ज्यादातर आलोचनाएं इस जाल में फंस जाती हैं इनमें जल्दबाजी में पिछली नाकामियों का विश्लेषण कर उनका ठीकरा सुधार पर ही फोड़ दिया जाता है दो दशक पहले बनाए गए रोजगार गारंटी कानून ने ग्रामीण आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संकट के वक्त सुरक्षा प्रदान की

कोविड की वैश्विक महामारी जैसे संकट के समय में इसके योगदान को स्वीकार किया गया है लेकिन समय के साथ अनुभव से इसकी दीर्घकालिक ढांचागत कमियां भी उजागर हुई हैं मजदूरी के भुगतान में बार- बार देरी हो रही थी प्रक्रियात्मक अवरोधों ने बेरोजगारी भत्ते को अप्रभावी बना दिया था विभिन्न राज्यों में इस योजना तक पहुंच में काफी अंतर था प्रशासनिक क्षमता असमान थी तथा फर्जी जॉब कार्ड, उपस्थिति के रजिस्टर में हेरफेर और खराब गुणवत्ता वाली संपदाओं के सृजन से बड़े पैमाने पर धन की बबार्दी हुई ये छोटी नहीं, बल्कि प्रक्रियात्मक खामियां थीं इसलिए मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि क्या सुधार की जरूरत थी मुद्दा यह है कि क्या नए फ्रेमवर्क में इन खामियों को सार्थक ढंग से दूर किया गया है आम दावा है कि नए कानून में बुनियादी कमियां तो बनीं रहीं और समूची बहस को संक्षिप्ताक्षरों की होड़ में समेट दिया गया लेकिन हकीकत में इसका उलट ही सच के ज्यादा करीब है

नया कानून डिलीवरी की उन कमियों को दूर करने पर केंद्रित है जिनकी वजह से पिछले फ्रेमवर्क की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा था कमजोर परंपरागत प्रणालियों की जगह सत्यापित कामगार पंजीकरण ने ले ली है देरी के लिए स्वतः मुआवजे के प्रावधान के साथ मजदूरी भुगतान की वैधानिक समय सीमाएं तय की गई हैं अयोग्यता के उन प्रक्रियात्मक प्रावधानों को खत्म कर दिया गया है जिनकी वजह से बेरोजगारी भत्ता अप्रभावी बन गया था स्पष्ट समयसीमा और जवाबदेही के साथ शिकायत निवारण को मजबूत किया गया है ये दिखावटी बदलाव नहीं हैं ये उन खामियों को दूर करते हैं जिनसे कामगारों का विश्वास टूटता था एक अन्य आलोचना यह है कि रोजगार गारंटी को खत्म कर दिया गया है इनके अनुसार नई योजना में पुरानी कमजोरियां बनी हुई हैं इस तरह की आलोचना सही नहीं है वेतन रोजगार के कानूनी अधिकार को बरकरार और न्यायसंगत रखा गया है सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह कि रोजगार की वैधानिक पात्रता को सौ दिनों से बढ़ाते हुए 125 दिन कर दिया गया है बदलाव क्रियान्वयन की संरचना में किया गया है पुराने कानून का मॉडल टुकड़ों में बंटा हुआ और प्रतिक्रियात्मक था यह अक्सर संकट शुरू हो जाने के बाद ही हरकत में आता था नए कानून का फ्रेमवर्क योजनाबद्ध और लागू करने योग्य है इसे पूवार्नुमान के आधार पर कार्य सौंपे जाने के लिए डिजाइन किया गया है वैधानिक सुधार के जरिए क्रियान्वयन की नाकामियों को दूर किए जाने को दोहराव नहीं,बल्कि संशोधन माना जाना चाहिए ।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बुलंदशहर**। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पांडे के आवास पर बैठकर क्षेत्र से आए लोगों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया कहा है कि भाजपा सरकार में खाने पीने से लेकर सोने चांदी पर दिन प्रतिदिन दाम बढ़ रहे हैं बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है गरीब आदमी को घर का खर्च चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। भाजपा सरकार ने जो भी वादे किए थे वह सभी वादे सभी फेल हुए हैं ना तो उनकी सरकार में सभी गरीबों को मकान नहीं मिले हैं अभी तक और ना ही कोई भी सरकार की योजनाएं सही प्रकार से मिल रही है इस सरकार में केवल भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं है भाजपा सरकार में गरीब भुखमरी की कगार पर आ गया है सरकार से यही मांग है कि महंगाई को कम किया जाए और एक एक योजनाएं घर-घर तक पहुंचाई जाए तभी गरीब के घर का चूल्हा जलेगा।

# शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में वीडीए की महत्वपूर्ण पहल



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी**। शहर के सुव्यवस्थित एवं नियोजित विकास को गति देते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है प्राधिकरण ने डॉक्टर्स कॉलोनी के निर्माण हेतु मौजा कोइराजपुर एवं शहाबुद्दीनपुर,परगना अठगवां में कुल 1,07,528.47 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के लेआउट को मात्र सात दिनों के भीतर स्वीकृति प्रदान की है उक्त लेआउट डाक्टर संजय कुमार राय (पुत्र डाक्टर बी०बी० राय) द्वारा श्री कृष्णा धन्वंतरी सहकारी आवास समिति लिमिटेड के माध्यम से प्रस्तुत किया गया थो सभी आवश्यक मानकों एवं प्राधिकरण के नियमानुसार प्रस्तुत किए गए अभिलेखों के परीक्षण उपरांत,त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत यह स्वीकृति प्रदान की गई।

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा लेआउट एवं मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिससे नागरिकों एवं संस्थाओं को शीघ्र अनुमोदन प्राप्त हो सके और अवैध प्लॉटिंग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके

प्राधिकरण नागरिकों एवं प्लॉटिंगकताओं से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग अथवा विक्रय से पूर्व अनिवार्य रूप से लेआउट स्वीकृति प्राप्त करें तथा केवल स्वीकृत लेआउट वाले भू-खण्डों का ही क्रय-विक्रय करें।

## संभव जनसुनवाई में 14 नागरिकों के द्वारा शिकायतें करायी दर्ज

**वाराणसी**। नगर निगमों में प्रत्येक मंगलवार को होने वाले संभव जनसुनवाई के अन्तर्गत छह जनवरी मंगलवार को नगर निगम वाराणसी में भी संभव जनसुनवाई प्रातः दस बजे से अपराह्न दो बजे तक आयोजित की गयी नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा नगर आयुक्त कार्यालय में उपस्थित होकर संभव जन सुनवाई की गयी संभव जन सुनवाई में 14 नागरिकों के द्वारा गली,नाली,खड़ंजा निर्माण,नामांतरण,अतिक्रमण इत्यादि से सम्बन्धित नगर आयुक्त के समक्ष उपस्थित होकर शिकायतें प्रस्तुत की गयी दाखिल खारिज से सम्बन्धित एक शिकायत प्राप्त करायी गयी अतिक्रमण से सम्बन्धित एक शिकायत प्राप्त हुई,मकान टैक्स से सम्बन्धित एक शिकायत, सडक एवं सीवर से सम्बन्धित पांच शिकायतें प्राप्त हुईं इण्टरलाकिंग,सड़क मरम्मत,मार्ग प्रकाश इत्यादि से सम्बन्धित एक एक शिकायतें प्राप्त हुई साथ ही कई पार्षदगणों के द्वारा भी अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात की नगर आयुक्त के द्वारा सभी शिकायतों को तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गयो

## अभिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली





वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी**। चौक थाने में दर्ज एक मामले में आजाद सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी पर सुनवाई सोमवार को टल गई जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत में जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान विवेचक द्वारा प्रपत्र कोर्ट में नहीं लाने पर अभियोजन द्वारा समय की मांग की गई जिस पर अदालत ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए अगली तिथि सात जनवरी नियत कर दी अदालत में अमिताभ ठाकुर के अधिवक्ता अनुज यादव भी मौजूद रहे उन्होंने बताया कि चूंकि यह मामला सत्र न्यायालय में परीक्षणीय था जिसके चलते लोअर कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज करवाने के बाद जमानत के लिए जिला जज की अदालत में जमानत के लिए अर्जी दी गई है बता दें कि बड़ी पियरी निवासी हिन्दू युवा वाहिनी के नेता एवं वीडीए के मानद सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने चौक थाने में बीते नौ दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कराया थो आरोप था कि बीते तीस नवंबर को अमिताभ ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन पर आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के झूठे आरोप लगाए गए साथ ही बहुचर्चित कफ सिरप मामले में बिना किसी साक्ष्य के उनकी संलिप्तता बताते हुए अर्नगल आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक व गलत खबर प्रचारित किया है जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर आघात पहुंचो इस मामले में पुलिस ने आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी डॉ.नूतन ठाकुर व एक अन्य के खिलाफ चौक थाने में मुकदमा दर्ज किया थो इसी मामले में पेश करने के लिए अमिताभ ठाकुर को बीते दिनों देवरिया से लाकर सेंट्रल जेल में रखा गया था और उन्हें कोर्ट में पेश कर उनका न्यायिक रिमांड बनाया गयो न्यायिक रिमांड बनने के बाद पुलिस उन्हें कड़ी सुरक्षा में लेकर देवरिया जेल के लिए निकल गयी थी ।

# आम व्यापारी जन सशक्त बनाओं सम्मेलन और शपथ ग्रहण समारोह में व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर दिलाया शपथ

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी**। भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन वाराणसी द्वारा अयोजित आम व्यापारी जन सशक्त बनाओं सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह दुगार्कुण्ड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट में किया गया आयोजन कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया गयो वाराणसी के कई विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों को भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से दी जानकारी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ राजेश प्रसाद सीएमओ वाराणसी,राम कुमार कुरील मुख्य विकास अधिकारी एसी हथकरघा सहित इत्यादि कई विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे उक्त अवसर पर भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी ने कहा कि भारत के व्यापारियों के उत्थान हेतु सदैव कार्य करते रहेंगे और जहां भी समस्याएं आएंगी उनका समाधान करेंगे।

व्यापारी शपथ ग्रहण समारोह में मदनलाल गुप्ता को जिलाध्यक्ष,नंदलाल गुप्ता को वार्ड अध्यक्ष विकासपुर, पवन अग्रवाल को जिला मंत्री,रामदास गुप्ता को जिला प्रवक्ता,पन्नालाल गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष,राजेश गुप्ता खन्ना को शिवदासपुर वार्ड की उपाध्यक्ष,नंदिता चटर्जी महानगर प्रभारी, संगीता मिश्रा जिला प्रभारी,शारदा त्रिवेदी को जिला प्रवक्ता,सोनी जायसवाल जिला संगठन मंत्री, आरती राय,सुषमा श्रीवास्तव, राधा सिंह सहित इत्यादि व्यापारियों को शपथ ग्रहण दिलाया गयो

# नाबालिग की बारात लौटी, दूल्हा पहुंचा थाने में क्षेत्र में बारात बनी चर्चा का विषय

वेलकम इंडिया

**बुगरासी**। कस्बा क्षेत्र के गांव बुकलाना में पहुंची बारात बिना दुल्हन के वापिस लौट गयी। परिजनों ने एन वक्त पर पुत्री को नाबालिग बता पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने शादी रोक दूल्हा व उसके पिता को हिरासत में लिया है।

मंगलवार को चौकी के निकटवर्ती गांव बुकलाना निवासी लडकी की शादी हापुड जनपद के सिभावली थाना क्षेत्र के गांव हरोडा निवासी युवक आकाश पुत्र ज्ञानेद्र से शादी तय होने के बाद बारात बुकलाना पहुंची थी। बारात के पहुंचते ही परिजनों ने लडकी नाबालिग बताते हुए शादी से इंकार कर बारात वापिस कर दी। बारात लौटती देख जिम्मेदार लोगों ने पंचायत में दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास भी किया। लेकिन दुल्हन परिजनों द्वारा बारात लौटा कर अन्य जगह शादी किये जाने के फैसले से नाराज लडकी ने दूल्हे से शादी की जिद पर अड गयी। बताया गया कि विरोध किये जाने पर परिजनों द्वारा लडकी की पिटाई भी की गई। ग्रामीणों ने जैसे तैसे बचाव कराया। बुआ-भाई, माता-पिता से क्षुब्ध किशोरी ने गांव के बाहर मंदिर पर दूल्हे से मांग में सिंदूर भरवाते हुए मंगलसूत्र भी पहन रस्म अदायगी कर साथ जीने मरने की कसमें भी खायी। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के मध्य आरोप-प्रत्यारोप के बाद दूल्हा व उसके पिता को नरसेना पुलिस साथ ले गए। जबकि लडकी को संस्था वाली टीम अपने साथ ले गए। ग्रामीणों का कहना था कि पहले रिस्ता तय किया फिर बारात बुलाई फिर अचानक बारात को वापिस कर दिया। यह जांच का विषय है। उधर नरसेना एसओ वीरपाल सिंह ने बताया कि लडकी के नाबालिग होने के दस्तावेज मिले है, शादी रूकवा कर विधिवत कार्यवाई की जा रही है।

# तीस जनवरी से एक फरवरी तक होगा पिंडरा महोत्सव का आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी**। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पिंडरा महोत्सव आयोजित होगो इस बाबत सर्किट हाउस सभागार में विधायक पिंडरा डॉ अवधेश सिंह एवं जिलाधिकारी वाराणसी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजन को लेकर बैठक की गई बताया गया कि पिंडरा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 30 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक किया जाएगा महोत्सव में प्रत्येक दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें नामचीन कलाकारों सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा गीत संगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे महोत्सव के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के मध्य रैलियों सहित विभिन्न स्पधाएं आयोजित की जाएंगी विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल के साथ ही महिला एवं दिव्यांग जनों को उपकरण भी वितरित किए जाएंगे

बैठक के दौरान आयोजन को विस्तृत चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संयुक्त निदेशक पर्यटन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पिंडरा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु कलाकारों के चयन सहित सभी तैयारियां समय से सुनिश्नित कर लिए जाने के निर्देश दिए उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर सिंह,संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार,सहायक निदेशक सूचना सुरेंद्र पाल,जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला पंचायतराज अधिकारी,सांस्कृतिक अधिकारी डॉ रामनरेश पाल,पवन सिंह,पर्यटन सूचना अधिकारी नितिन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर ने पार्षदों के संग किया संवाद डायरी भेंट कर दी नववर्ष की दी बधाई

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी**। नगर निगम मुख्यालय के सभागार में छह जनवरी मंगलवार को अंग्रेजी नववर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गयो इस अवसर पर नगर के विकास को गति देने वाले पार्षदगणों के साथ विचार विमर्श किया गया और सभी को नए वर्ष 2026 की मंगलमय शुभकामनाएं दी गईं कार्यक्रम के दौरान नगर निगम प्रशासन की ओर से पार्षदों को नववर्ष की डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया इस दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शहर की मूलभूत सुविधाओं और आगामी योजनाओं पर पार्षदों से चर्चा की साथ ही शहर के वार्डों में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने पर बल दियो



समारोह में बतौर मुख्य रूप पूर्व महापौर कौशलेंद्र सिंह ने पार्षदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में पार्षदों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है वहीं नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पार्षदों से सीधा संवाद स्थापित किया और विश्वास दिलाया कि नए वर्ष में जन समस्याओं के निस्तारण और शहर के सुंदरीकरण को प्राथमिकता दी जाएगी।

## विद्युत मजदूर संगठन एवम विद्युत संविदा मजदूर संगठन वाराणसी ने

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय विद्युत वितरण मण्डल सिगरा कार्यालय पर किया सत्याग्रह

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी**। विद्युत मजदूर संगठन एवम विद्युत संविदा मजदूर संगठन वाराणसी द्वारा 6 जनवरी 2026 को केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर इंद्रेश कुमार राय पूर्वांचल अध्यक्ष के नेतृत्व में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधीक्षण अभियन्ता,नगरीय विद्युत वितरण मण्डल, प्रथम/द्वितीय सिगरा वाराणसी के कार्यालय पर आयोजित किया गयो सत्याग्रह की अध्यक्षता इंद्रेश कुमार राय,पूर्वांचल अध्यक्ष एवं संचालन संजय कुमार सिंह,पूर्वांचल



अध्यक्ष(संविदा) के नेतृत्व में किया गया संगठन के ओर से इंद्रेश कुमार राय,संदीप कुमार,संजय कुमार सिंह,उदय प्रताप सिंह,उदयभान दूबे,रविन्द्र पटेल, अवनीश प्रजापति,कांता कुमार,अरविन्द मौर्या,प्रेम चन्द्र प्रजापति,प्रियांशु सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

संगठन के पूर्वांचल अध्यक्ष इंद्रेश कुमार राय ने बताया कि केन्द्र के आह्वान पर 6 जनवरी मंगलवार को नगरीय विद्युत वितरण मण्डल,द्वितीय वाराणसी कार्यालय पर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय सत्याग्रह का कार्यक्रम का आयोजन किया गयो संगठन के पूर्वांचल अध्यक्ष संविदा संजय सिंह ने बताया कि संगठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करता है कि वाराणसी जिले के अन्तर्गत विभिन्न उपकेंद्रों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों की अनर्गल की जा रही छटनी को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की अपील करते हुए प्रभावी हस्तक्षेप का निवेदन किया है।

संगठन के पूर्वांचल उपाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि संविदा कर्मचारियों का वेतन 25 हजार कुशल एवं 22 हजार अकुशल,कैशलैस चिकित्सा सुविधा,दुर्घटना होने पर 20 लाख की धनराशि की मांग को पुनः दोहराया गया।

# मां से भी ज्यादा स्नेह देती थी मेरी सास माधुरी पाठक : संध्या पाठक

वेलकम इंडिया

**वाराणसी**। वैसे तो दुनियां में बेटियां ससुराल में बहु,पतोह बनकर आती हैं मायके से डोली में विदा होकर ससुराल आती हैं अपनी मां बाप को छोड़कर विदाई के समय खूब रोती है सोचती है पराया घर कैसा होगा मेरी सास नन्द,ससुर का मेरे प्रति व्यवहार कैसा होगो परन्तु जब सास में सास नहीं बल्कि मां की ममता की झलक,ससुर में बाप का स्नेह बहु पाती है तो बेटी बन जाती है और सास ससुर मां बाप ऐसे ही विचार एक बहु संध्या पाठक की आँखें अपनी स्व.सास माधुरी पाठक की याद में बहने लगती है संध्या पाठक ने सिसकते हुए वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर



लियाकत अली जलज से एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहो

संध्या ने कहा मैने अपने सासू माँ के जिंदा करने को सोची उनके नाम से एक वट वृक्ष लगाऊं ताकी हमारे पूज्य माता हमेशा हमारे साथ रहें हम और हमारे ससुर पापा राकेश चंद्र पाठक महाकाल ने कहा कि माधुरी पाठक हमेशा गरीबों मजलूमों की मदद करती थी इस लिए उनकी याद में माधुरी मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड करके न्यास की स्थापना की जाये हम सभी घर के परिवार दस जनवरी को गरीबों को निष्काम सेवा भाव से कम्बल वितरित कर खान,पान खिलाते हैं संध्या पाठक ने कहा कि मेरी शादी जब मैं इंटर में पढ़ती तभी पति ललित चंद्र पाठक के साथ बहु बनकर आ गई और ससुराल में भी सास, ससुर ने बेटी से ज्यादा स्नेह दिया मेरा मायका बहरिया बाद गाजीपुर मे है 25 अप्रैल 2020 में सासू मां हमे अकेली करके गोलोक चली गई हमारा पूरा परिवार टूट गयो हम बिखर से गये लेकिन हमारे पिता तुल्य ससुर राकेश चंद्र पाठक ने स्वतः अपने को और हम लोगों को संभाला मेरी शिक्षा स्नातक और बीटीसी है हमने अपने सासू मां की तरह गरीबों की सेवा और समाज में दबे कुचले पीड़ित असहायों की सेवा करना है मै आज उन बेटियों से कहना चाहूंगी कि मायके से ससुराल जाने तक के सफर में संस्कार लाए और अपने सास,ससुर को मां बाप से भी ऊंचे स्थान पर रखकर पूजे साथ ही साथ आस पास पड़ोस को भी समेटकर रखें आप सभी को मेरे सास,ससुर की तरह परिवार मिलें मै बाबा विश्वनाथ और माता रानी से प्रार्थना करती हूं कि मैं ज़िंदगी के सफर में सबकी सेवा करते हुए समाज की सेवा कर सकूं यही मेरे मन की अभिलाषा है।

# पतंजलि योगपीठ का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गांव सीकरीकलां में स्थापित पतंजलि योगपीठ का स्थापना दिवस समारोह सोमवार सांय बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुख्य अतिथि बतौर स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के कार्यों की सराहना की और नशे से दूर रहने और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। पतंजलि बैलनेस सेंटर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत हवन-यज्ञ, सामूहिक योग और सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य योग, आयुर्वेद, स्वदेशी और वैदिक संस्कृति के माध्यम से स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए लोगों को जागरूक करना रहा। विशिष्ट अतिथि बतौर क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने योग, आयुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता बतौर डॉ स्वामी परमार्थदेव ने भी योग क्रियाओं से सबंधित गतिविधियों से दूर होने वाली बीमारियों से लोगों को अवगत कराया। योगाचार्य एवं प्रबंधक स्वामी आरोग्यदेव ने आगुंतको को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेविका दयावती, सह प्रभारी भारत स्वाभिमाान टस्ट एवं योग शिक्षक कतार सिंह भाटी, प्रेम चंद सनी दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, डॉ पवन सिंघल, शिक्षक नेता समय सिंह शिशौदिया, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, श्याम त्यागरी, प्रदीप शर्मा अरविंद अग्रवाल, पप्पन शर्मा, सुरमेश शर्मा आदि थे।

## वर्षों से टूटा पड़ा होली डांडा किरी नाली कट बना सुरक्षित

**बाड़ी धौलपुर राजस्थान।** नगर पालिका बाड़ी क्षेत्र के होली डांडा किरी मोहल्ले में वर्षों से टूटा पड़ा नाली कट आमजन के लिए परेशानी और दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ था। इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तत्काल स्थाई समाधान के निर्देश दिए।

अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में नाली कट का पक्का निर्माण कराया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से उस पर मजबूत जाल डलवाया गया। इससे अब क्षेत्रवासियों का आवागमन सुगम हो गया है और किसी भी प्रकार की चोट या दुर्घटना की आशंका समाप्त हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने इस सराहनीय कार्य के लिए अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा एवं नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्य शहर को और अच्छा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मुरादनगर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में मृदा विज्ञान विभाग सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना (पृथ्वी मंत्रालय भारत सरकार) अंतर्गत कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. सिंह निदेशक प्रसार ने मौसम पूवार्नुमान आधारित खेती में परिवर्तन पर बल देते हुए जलवायु परिवर्तन अनुकूल पद्धति अपने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि रालोद के प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने मौसम पूर्व अनुमान प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए किसानों को उसके अनुरूप कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. यू. पी.शाही नोडल अधिकारी ने मौसम पूवार्नुमान परियोजना की विस्तृत जानकारी दी तथा किसानों को जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले कीटों व रोग की निगरानी करने एवं उसकी जानकारी देने की सलाह दी जिससे अनुसंधान कार्य किए जा सके। डॉ. डी.के. सिंह प्रोफेसर पशु विज्ञान ने प्रतिकूल मौसम में पशुओं को सावधानी से रखने की सलाह दी। केंद्र प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने जलवायु अनुकूल किस्मों एवं तकनीकों की जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ. आकांक्षा सिंह ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं मौसम पूर्व अनुमान ऐप की जानकारी दी। डॉ. सरिता जोशी ने मौसम अनुकूल किचन गार्डन, डॉ. चंद्रपाल गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में स्नातक कृषि छात्रों को रावे प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में राहुल चौधरी, अवनीश त्यागी, जयवीर यादव, सुनील चौहान, प्रदीप यादव, आकांक्षा सिंह, वाणी सहित 78 कृषकों वह छात्रों ने भाग लिया।

# उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर साउथ इकाई का गठन किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर उद्योग व्यापार मंडल, मोदीनगर साउथ इकाई का गठन किया गया है। क्षेत्र के विकास और व्यापारियों के आपसी समन्वय हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक राम किशोर अग्रवाल (जिलाध्यक्ष), डॉ. पवन सिंहल ( विधानसभा अध्यक्ष) संजय गुप्ता (चेयरमैन) एवं महेश तायल (नगर अध्यक्ष)उद्योग व्यापार मण्डल मोदीनगर के गरिमामयी सान्निध्य में संपन्न हुई।

बैठक में व्यापारिक हितों पर चर्चा और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु विचार विमर्श के साथ कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।मंच संचालन पंकज कंसल द्वारा किया गया।उद्योग व्यापार मंडल, मोदीनगर साउथ इकाई के लिए मुकेश गर्ग (कोऑडीनेटर ) योगेन्द्र भाटी (अध्यक्ष) अजय त्यागी (उपाध्यक्ष) ध्यान सिंह( सहसचिव) जतिन अरोरा (मंत्री) विकास गुप्ता ( कोषाध्यक्ष ) मनीष कंसल (मंत्री) बनाया गया। पंकज कंसल ने बैठक में पधारे सभी व्यापारी बंधुओ का आभार व्यक्त किया।

# एसआईआर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** कस्बा निवाड़ी में एसआईआर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कस्बा निवाड़ी नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल त्यागी ने एसआईआर के बारे में लोगों को बताया तथा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल त्यागी, जिला मंत्री किसान मोर्चा संजय त्यागी, संध्या त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी मांगेराम और नगर पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।

# खिलाड़ी उत्कर्ष प्रदर्शन कर अपनी बटालियन का नाम रोशन करें-श्रीनिधि बीटी

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** 45वीं अंतर बटालियन रेंज द्वितीय खेलकूद प्रतियोगिता छठी बटालियन आरएसी ग्राउंड पर आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी बटालियन का नाम रोशन करें और खेल के दौरान खेल भावना का परिचय दें। उन्होंने कहा कि हार जीत खेल के पहलू होते हैं। हार जीत को परे रखते हुए अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें। इस अवसर पर कमांडेंट विकास सांगवान ने कहा कि धौलपुर आरएसी में 45वीं प्रतियोगिता में राजस्थान की जो बटालियन ने भागीदारी निभाई है। जिसमें महिला पुरुष वर्ग में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया। समारोह में डिप्टी कमांडेंट सुरेश शुक्ला ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। आयोजन के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र कोली, डॉ पीसी पाठक चोब सिंह, हरिमोहन शर्मा, अजय बघेल, मोहम्मद जाकिर हुसैन, अल्का विश्नोई, रश्मि राव, रवि मोहन त्रिवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# क्वांटम कंप्यूटिंग विषय पर एआईसीटीई अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद द्वारा क्वांटम कंप्यूटिंग विषय पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद - प्रायोजित ऑनलाइन अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। यह छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 10 जनवरी 2026 तक एआईसीटीई अटल अकादमी के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में देशभर से कुल 408 प्रतिभागियों ने भाग लिया है, जिनमें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद -अनुमोदित शैक्षणिक संस्थानों के फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी, स्नातकोत्तर विद्यार्थी एवं उद्योग जगत से जुड़े प्रतिभागी शामिल हैं। उद्घाटन सत्र की शुरूआत कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की प्रस्तुति के साथ हुई, जिसे डॉ. अमित सिंघल, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं संयोजक, ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. एस. इंदु, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी उपस्थित रहीं। डॉ. आर. के. यादव, डीन एकेडेमिक्स, आरकेजीआईटी तथा डॉ. रामेन्द्र सिंह, डीन एक्रिडिटेशन, आरकेजीआईटी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ऐसे फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रमों के शैक्षणिक, गुणवत्ता आश्वासन एवं प्रत्यायन से संबंधित महत्व को रेखांकित किया। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. पवन कुमार गोयल, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एवं अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के समन्वयक द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर प्रो. (डॉ.) लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) डी. के. चौहान तथा निदेशक प्रो. (डॉ.) बी. सी. शर्मा ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पवन कुमार गोयल, देवेश गर्ग, सुश्री कनिका शर्मा एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अन्य संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# श्रम महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** श्रम सेवा संस्थान की ओर से महिलाओं को हूनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चलाई जा रही कौशल विकास योजना के तहत मंगलवार को श्रम सेवा महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त दर्जनों महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सफल स्वरोजगार शुरू कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि बतौर भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि स्वरोजगार को प्राथमिकता दें और अपनी योग्यता के बल पर आत्मनिर्भर बनें। वर्क्स क्लब मोदीनगर में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बतौर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि संस्था की ओर से महिलाओं के लिए रोजगार की दिशा में श्रम सेवा संस्थान एक मजबूत मंच साबित हो रहा है। आईआईए के चेयरमैन एवं उद्यमी राज ढींगरा ने कहा कि स्वरोजगार से क्षेत्रीय पलायन की समस्या पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव है। संस्थान के प्रभारी एवं पूर्व पालिका चेयरमैन रामआसरे शर्मा ने संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया ओर संस्था की ओर से संचालित निशुल्क एम्बुलेंस की सेवाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र बल्हारा पतला ने किया।

# नागरिक सुरक्षा वार्डनों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शुरू

वेलकम इंडिया




केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार आज दिनांक 06 जनवरी 2026 से एम०आई०टी० इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 90 वार्डनों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एम०आई०टी० के निदेशक श्री रोहित गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपनियंत्रक श्री नीरज चक, सहायक उपनियंत्रक श्री सतीश कुमार, प्रभागीय वार्डन श्री सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, मो. खालिद सहित सभी 90 वार्डन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री रोहित गर्ग ने वार्डनों को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना की। वहीं उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा प्रबंधन, अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं से संबंधित विषयों पर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिवस के सत्र में मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर द्वारा ह्लआधुनिक युद्ध और राष्ट्र की क्षमताह्व विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया गया, जिसे वार्डनों ने अत्यंत रुचि के साथ सुना। सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर विवेक कुमार यादव, अखिल अग्रवाल, डिविजन वार्डन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, मो. खालिद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे और प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# राजकीय विधि महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय विधि महाविद्यालय में एक हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ अभियान शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में निष्पक्ष,पारदर्शी एवं जिम्मेदार मतदान करके जागरूकता फैलाना है और लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना है। प्राचार्य चन्द्रशेखर दीक्षित ने बताया कि महाविद्यालय के अधिकांश छात्र/छात्राओं ने इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और लोगों से अपील की वे अधिक से अधिक मतदान जागरूकता में हमारे साथ जुडें। वही ई.एल.सी. प्रभारी सहायक आचार्य यज्ञेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि हस्ताक्षर एव शपथ अभियान के माध्यम से विधि-विद्याथीर्यों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर संदेश दिया है कि मतदान करना लोकतंत्र में सबसे बड़ा दान एवं पवित्र कार्य हैं। इस हस्ताक्षर अभियान में महाविद्यालय के आचार्य डॉ. नीलू गोयल, सहायक आचार्य हेमलता मीना व श्री मनमोहन जैसवाल ने छात्र/छात्राओं को मतदान को एक सामाजिक दायित्व बताया।

# असहाय, जरूरतमंद, गरीबों की सहायता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनता ने अपने शिकायतें ह्यऔर जरूरतों के साथ भाग लिया। जनता दर्शन के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत, स्वास्थ्य, राजस्व एवं अन्य विभागों से जुड़ी विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें जिलाधिकारी ने ध्यानपूर्वक सुना और समझा। जिलाधिकारी ने प्रार्थियों से यह भी पूछा कि क्या उनके द्वारा पहले भी इसी विषय में आवेदन दिया गया था तथा उनकी समस्या का समाधान क्यों नहीं हो पाया। उन्होंने सभी का भरोसा बढ़ाया कि उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और प्रभावशाली समाधान किया जाएगा। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समाधान 100 प्रतिशत निस्तारण के साथ किया जाए और जहाँ भी स्थिति स्थलीय निरीक्षण योग्य हो, उसका निरीक्षण अवश्य कराया जाए। इसके साथ ही शिकायत निस्तारित होने के बाद प्रार्थी से प्रतिक्रिया (फीडबैक) लेना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों के समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें और जनता की सेवा में कोई कमी न आने दें। जनता दर्शन के दौरान एक दिव्यांग प्रार्थी अनिल ने जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनका अपना कार्य है और उसे आगे बढ़ाने के लिए पांच लाख रुपये का लोन तथा एक तीन-पहिया वाहन दिलाने में मदद करें। मामला संज्ञान में लेते ही जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनिल को योजनानुसार लोन एवं तीन-पहिया वाहन उपलब्ध कराया जाए, साथ ही उन्हें अन्त्योदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा उनके बच्चे की शिक्षा के लिए भी आवश्यक सहायता दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जब भी कोई असहाय, जरूरतमंद या गरीब व्यक्ति किसी सहायता के लिए आगे आए, तो मानवीय भाव के दृष्टिकोण से पहले स्वयं तत्परता दिखाई जाए और यदि आवश्यक हो तो उसे संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य दिलाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीबों और पात्र लोगों की सहायता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सके तथा किसी भी तरह की जानकारी का अभाव न रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए जनपदवासियों से अपील की कि यदि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी हो, जो सरकारी योजनाओं के लिए पात्र है या किसी प्रकार की पीड़ा में है, तो वह उसे संबंधित अधिकारी से मिलने के लिए कहें या जिलाधिकारी कार्यालय भेजें, ताकि उसकी सहायता की जा सके। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने दिव्यांग अनिल को योजना के तहत लोन तथा वाहन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और 80 प्रतिशत दिव्यांगता, कठिनाई की परिस्थिति को देखते हुए अन्त्योदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा बच्चों की शिक्षा के लिए भी योजना लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एफ/आरसौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुरादनगर के मौहम्मदपुर धेंदा, सरना और असालतनगर में प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण और अनधिकृत कालोनियों पर शिकंजा कसते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मंगलवार को मुरादनगर क्षेत्र में उपाध्यक्ष के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने ग्राम मौहम्मदपुर धेंदा, सरना (सरना/सरना), और असालतनगर में लगभग 25.5 बीघा (करीब 25.5 बीघा) क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर प्लाटिंग और कॉलोनाइजेशन का काम किया जा रहा था, जिसमें सड़कें, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस तक खड़े कर दिए गए थे। जांच के दौरान मौके पर किसी भी निर्माणकर्ता या कॉलोनाइजर द्वारा स्वीकृत मानचित्र या तलपट नक्शा प्रस्तुत नहीं किया गया। डासना-मुरादनगर मार्ग (ग्राम डासना मार्ग) पर खसरा संख्या 274, ग्राम मौहम्मदपुर धेंदा में लगभग 15,000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग का कार्य श्री उम्मेदपाल, मुकेश, रविंद्र तेवतिया, कोमल सिंह सहित अन्य द्वारा किया जा रहा था। वहीं ग्राम सरना में खसरा संख्या 602, 603, 605 पर 3,600 वर्ग मीटर क्षेत्र में शहजाद मलिक, सलीम मलिक, शरद सिंघल और अन्य हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा कॉलोनी विकसित की जा रही थी। तीसरी साइट पर ग्राम असालतनगर में हनुमान मंदिर के पीछे, पिलर नंबर 812 के सामने, खसरा संख्या 217 पर भूपेंद्र चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी और जसवंत सिंह (पुत्र जगनपाल) द्वारा लगभग 7,000 वर्ग मीटर में ईंटों से चिनाई कर प्लॉट काटे गए थे। यह भूमि रोड चौड़ीकरण और ग्रीन बेल्ट परियोजना से प्रभावित पाई गई, जिससे अवैध निर्माण और भी गंभीर श्रेणी में आ गया। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं और विकासकताओं ने कड़ा विरोध जताया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस की त्वरित मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रित किया गया। विरोध के बावजूद टीम ने कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कें, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस और अन्य अस्थायी ढांचे पूरी तरह ध्वस्त कर दिए। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस और प्राधिकरण पुलिस बल ने स्थानीय लोगों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि बिना अनुमति किसी भी निर्माण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और ऐसे कार्यों पर भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गरजा बुलडोजर, 200 + 120 वर्ग मीटर के भवन और 9 से 15 बीघा तक की अवैध कालोनियां ध्वस्त



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनाइजेशन के खिलाफ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मंगलवार को प्रवर्तन जोन-03 में व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। उपाध्यक्ष के आदेशों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में टीम ने एनडीआरएफ रोड, इंदिरा एन्क्लेव, डासना-मसूरी, कुशलिया, मसूरी और झील रोड क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों और भवनों पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ढांचे को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। कार्रवाई के पहले चरण में एनडीआरएफ रोड पर पेट्रोल पंप के सामने, इंदिरा एन्क्लेव से सटे, इंदिरा एन्क्लेव और इंदिरा एन्क्लेव से सटी इंदिरा एन्क्लेव के सामने, इंदिरा एन्क्लेव से सटी इंदिरा एन्क्लेव के सामने, इंदिरा एन्क्लेव से सटी इंदिरा एन्क्लेव के सामने, इंदिरा एन्क्लेव से सटी इंदिरा एन्क्लेव के सामने, इंदिरा एन्क्लेव से सटी इंदिरा एन्क्लेव के सामने, इंदिरा एन्क्लेव से सटी इंदिरा एन्क्लेव के सामने स्थित लगभग 200 वर्ग मीटर में निर्मित भवन को अजय चौधरी (पुत्र संतवीर सिंह) द्वारा बिना अनुमति खड़ा किया गया था, जिसे पूरी तरह ध्वस्त किया गया। इसी स्थान पर लगभग 120 वर्ग मीटर में प्रमोद चौधरी और गुलफाम द्वारा कराए जा रहे अवैध भवन निर्माण पर भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अभियान के दूसरे चरण में टीम ने बड़े पैमाने पर अवैध कॉलोनी विकास पर प्रहार किया। इंदिरा एन्क्लेव और सिटी पार्क के मध्य खसरा संख्या 1514 व 1519 पर प्रमोद शर्मा (पुत्र दयाराम शर्मा) द्वारा लगभग 9 बीघा में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं कुशलिया, डासना-मसूरी क्षेत्र में खसरा संख्या 1635 पर पवन चौधरी और मोहम्मद इस्लाम द्वारा लगभग 15 बीघा में अनधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

# नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शहर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता और सफाई मित्रों की सुरक्षा को निगम का नैतिक दायित्व बताते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को अकबरपुर बहरामपुर स्थित ट्रांसफर स्टेशन (अकबरपुर बहरामपुर, एनडीआरएफ रोड) पर सफाई मित्रों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन में जेएस एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड का विशेष सहयोग रहा। नगर आयुक्त ने कार्यक्रम में मौजूद लगभग 150 सफाई मित्रों को पीपीई किट भेंट की और कहा कि शहर को साफ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखना सफाई मित्रों के परिश्रम से ही संभव है। निगम की जिम्मेदारी केवल सफाई कराना नहीं, बल्कि सफाई मित्रों और उनके परिवार की सुरक्षा व स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों से सीधा संवाद किया, उनके परिवार का हाल जाना और समस्याएं सुनीं। उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश और उनकी टीम को निर्देशित किया कि सफाई मित्रों के लिए डिस्पेंसरी की शुरूआत की जाए, जहां निशुल्क हेल्थ चेकअप और इलाज उपलब्ध होगा। यह डिस्पेंसरी ड्यूटी के दौरान भी डॉक्टरों की मौजूदगी में कार्यरत रहेगी, ताकि सफाई मित्रों को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके।

# नगर आयुक्त ने सुनी 33 जनसमस्याएं, त्वरित समाधान के दिए सख्त निर्देश




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में 'संभवज जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 33 संदर्भ प्राप्त हुए, जिन पर नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। प्राप्त संदर्भों में निर्माण विभाग से 7, उद्यान विभाग से 9, प्रकाश विभाग से 2, जलकल विभाग से 5, स्वास्थ्य विभाग से 6, पार्किंग विभाग से 2 और सामान्य विभाग से 2 मामले शामिल रहे। उद्यान विभाग से प्राप्त अधिक संदर्भों को देखते हुए नगर आयुक्त ने वरिष्ठ अधिकारियों को विभागीय मॉनिटरिंग बढ़ाने, नियमित स्थलीय निरीक्षण करने और समस्याओं का समाधान मौके पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 2004 में अधिग्रहित 800 एकड़ भूमि के बदले 6/4' भूखंड देने का वादा 22 साल बाद हुआ पूरा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा मधुबन-बापूधाम स्थित प्राधिकरण कार्यालय में किसानों को विकसित भूखंडों के आवंटन पत्र वितरण के लिए आयोजित विशेष शिविर मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसान पहुंचे और अपने-अपने आवंटित भूखंडों के विशिष्ट नंबर सहित आवंटन पत्र प्राप्त किए। मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना का यह मामला वर्ष 2004 से जुड़ा है, जब प्राधिकरण ने लगभग 800 एकड़ भूमि कास्तकारों से क्रय की थी।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम मांदड़ सख्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जिला अनुश्रवण पुस्तिका के अंतर्गत नवम्बर माह के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, विभागीय लक्ष्य और जमीनी क्रियान्वयन पर गहन चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बैठक की शुरूआत में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से छूट न जाए। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को हर घर तक पहुँचाने पर जोर दिया और कहा कि सौर ऊर्जा अपनाने से नागरिक बिजली पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल के अनेक लाभ हैं, इसलिए विभागीय अधिकारी योजना की जानकारी जन-जन तक पहुँचाएँ और पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक आवेदन के लिए प्रेरित करें। साथ ही, फैमिली आईडी से छूटे सभी परिवारों की पहचान कर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के उपनिदेशक (डीडी कृषि) को ग्रामवार जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानों का पंजीकरण तुरंत पूरा कराया जाए। उन्होंने विभागाध्यक्षों को कृषि विभाग के सहयोग से ग्राम सौंपकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। डीएम मांदड़ ने विकास परियोजनाओं को लेकर कहा कि दिए गए लक्ष्य के अनुरूप कार्य गुणवत्ता और तय समयावधि में पूरे किए जाएँ, साथ ही समाधान योग्य मामलों में स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, किसान रजिस्ट्री, सरकारी आवास, पेयजल, छात्रवृत्ति और आपूर्ति विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए और लाभार्थियों तक लाभ पहुँचाया जाए।

# विद्यार्थियों ने शबद-कीर्तन, कविता और भाषण से दशम गुरु को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को गुरु गोविन्द सिंह जयंती का आयोजन विवेकानंद सभागार में अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया के प्रेरक संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने गुरु गोविन्द सिंह के व्यक्तित्व, संघर्ष और बलिदान को राष्ट्रवाद, समानता और समाज सुधार के सर्वोच्च प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। समारोह में संस्थान के शिक्षण स्टाफ, विद्यार्थी और प्रबंधन से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अयोध्या का परचम, एनवायरोजोन को मिला राष्ट्रीय सम्मान, छोटे गाँव से राष्ट्रीय पहचान तक की प्रेरक यात्रा



वेलकम इंडिया

**एनसीआ।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट और नवाचार आधारित कार्य के लिए एनवायरोजोन प्राइवेट लिमिटेड को दिल्ली में मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के कर-कमलों द्वारा सीएसआईआर-एनपीएल के 80वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के साथ ही अयोध्या जनपद का नाम एक बार फिर देशभर में गर्व के साथ गूंजा। समारोह में वैज्ञानिकों, पर्यावरण विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और देशभर से आए प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह सम्मान प्रदान किया गया, जिसने अयोध्या की धरती को राष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान दिलाई। संस्था के संस्थापक धर्मेंद्र वर्मा ने अयोध्या के एक छोटे से गाँव से निकलकर अथक परिश्रम, ईमानदारी, दूरदर्शी सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए काम शुरू किया था। एक साधारण किसान और शिक्षित परिवार से आने वाले श्री वर्मा ने बेहद सीमित संसाधनों के बीच अपना सफर शुरू किया, लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और लक्ष्य के प्रति समर्पण ने संस्था को आज राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर दिया।

# नोएडा डीएम मेघा रूपम की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों संग बैठक, मतदाता सूची सौंपने के साथ पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत

वेलकम इंडिया





**इंद्रेश शर्मा,**गौतम बुद्ध नगर 06 जनवरी 2026 भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्रुटिरहित बनाना रहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और उसकी मंशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। बैठक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किए जाने के उपरांत विधानसभावार मतदाता सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने अथवा संशोधन से संबंधित दावे एवं आपत्तियाँ प्रस्तुत की जा सकेंगी। इस अवधि में राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम नागरिक भी अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का अवलोकन कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण के अंतर्गत दावों एवं आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन एवं निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी। सभी मामलों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। समस्त प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के पश्चात 06 मार्च 2026 को जनपद की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी मेघा रूपम ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में प्रशासन का सक्रिय सहयोग करें, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

इस अवसर पर भाजपा से धर्मेंद्र कोरी, कांग्रेस से कपिल भाटी, समाजवादी पार्टी से सुधीर भाटी, बहुजन समाज पार्टी से लख्मी सिंह, सीपीआई(एम) से गंगेश्वर दत्त शर्मा एवं आम आदमी पार्टी से दिलदार अंसारी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।